मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, सोमवार, 11 नवंबर 2024

संवत 2081, कार्तिक शुक्लपक्ष 11- मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 65 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

महंगाई लक्ष्य के अनुरूप रखना जरूरी

सीएसके सीईओ बोले, माही से अलग होने का कोई इरादा नहीं

घरेलू विवाद में पति ने की पत्नी व दो बच्चों की नृशंस हत्या, दो घायल

मेट्रो रेज

जमशेदपुरः मुसाबनी थाना क्षेत्र के सुदूरवरती गांव खड़ीयासांई में रविवार की देर रात घरेलू विवाद के बाद पति ने पत्नी सहित दो बच्चों की कुल्हाड़ी से मारकर नृशंस हत्या कर दी। हमले में दो बच्चे घायल भी हुए हैं जिन्हें घाटशिला अनुमंडल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद एमजीएम रेफर कर दिया गया। पति ने घटना को अंजाम देने के बाद खुद भी फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया लेकिन वह किसी प्रकार बच गया। शव एवं घायल बच्चों को परिजन घाटशिला अनुमंडल अस्पताल सोमवार की सुबह 5 बजे लेकर पहुंचे।

घटना का कारण घरेलू विवादः प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना का कारण घरेलू विवाद बताया जा रहा है। पत्नी चिरू टुडू (31 वर्ष), शिरू टुडू (12 वर्ष), मंगल टुडू (5 वर्ष) और मालती टुडू (10 वर्ष) को कुल्हाड़ी से मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिसमें पत्नी चिरू टुडू एवं पुत्र शिरु टुडू की मौत हो गई, जबकि मंगल टुडू एवं मालती टुडू को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए एमजीएम अस्पताल जमशेदपुर रेफर किया गया है। चिकित्सक डॉ जूली ने बताया कि घटना को कुल्हाड़ी से अंजाम दिया गया है।

मतदान से पहले एसएसटी टीम ने कार से जब्त किये 8.90 लाख

पलामूः जिले में एसएसटी टीम ने एक कार से 8.90 लाख रुपये जब्त किए हैं। जब्त रुपये एक फल व्यवसायी के हैं। मामले में पुलिस और मजिस्ट्रेट की टीम ने जांच शुरू कर दी है।

दरअसल, पलामू के नावाबाजार थाना के समीप चेकपोस्ट पर एसएसटी टीम चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी क्रम में टीम ने एक कार को रोका। कार में चेकिंग के दौरान 8.90 लाख रुपये नकद बरामद हुए। एसएसटी टीम ने जब उस्ताद अंसारी नामक कार सवार से पूछताछ की तो उस्ताद अंसारी रुपये के बारे में कोई जानकारी नहीं दे पाया। इसके बाद एसएसटी टीम ने रुपये जब्त कर लिए।

नावाबाजार थाना प्रभारी चिंटू कुमार ने बताया कि उस्ताद अंसारी फल व्यवसायी हैं और वे डाल्टेनगंज के रहने वाले हैं। पूछताछ के दौरान बरामद रुपये के संबंध में कोई कागजात नहीं दिखा पाए।मामले में आगे की जांच की जा रही है। विधानसभा चुनाव को लेकर नेशनल हाईवे और स्टेट हाईवे पर कड़ी निगरानी बढ़ा दी गई है। सभी थाना क्षेत्रों में चेकपोस्ट बनाए गए हैं और एसएसटी टीम की तैनाती की गई है। एसएसटी टीम लगातार चेकिंग अभियान चला रही है।

भारत के 51वें चीफ जस्टिस बने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, राष्ट्रपति मुर्मु ने दिलाई शपथ

नई दिल्लीः राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को न्यायमूर्ति संजीव खन्ना को उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ दिलाई। श्रीमती मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में शीर्ष अदालत के वरिष्ठतम न्यायाधीश न्यायमूर्ति खन्ना को 51वें मुख्य न्यायाधीश के पद की शपथ दिलाई। वह 13 मई, 2025 को सेवानिवृत्त होंगे। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, शीर्ष अदालत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत कई केंद्रीय मंत्री और अनेक अन्य लोग मौजूद थे। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ 10 नवंबर को शीर्ष अदालत के 50वें

मुख्य न्यायाधीश पद से सेवानिवृत्त हो गए। उन्होंने अक्तूबर में केंद्र सरकार को पत्र लिखकर न्यायमूर्ति खन्ना को शीर्ष अदालत का अगला मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की थी। न्यायमूर्ति खन्ना को 18 जनवरी, 2019 को शीर्ष न्यायालय के न्यायाधीश के पद पर पदोन्नत किया गया था, तब वह दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश थे। उन्हें 2005 में दिल्ली उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया और एक साल बाद उन्हें यहां स्थायी न्यायाधीश के तौर पर पदोन्नत किया गया था।

कोई धर्म प्रदूषण बढ़ाने को प्रोत्साहन नहीं देता : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्लीः पटाखों पर प्रतिबंध को लेकर उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली पुलिस को फटकार लगाते हुए कहा कि आपने जो किया वह महज दिखावा है, केवल कच्चा माल जब्त किया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने आज पटाखों पर प्रतिबंध को लेकर दिल्ली पुलिस की खिंचाई की और इसे 'आई वॉश' बताया। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि पटाखों पर प्रतिबंध सिर्फ दिवाली पर नहीं बल्कि पूरे साल होना चाहिए। दिल्ली पुलिस ने पटाखों पर प्रतिबंध को गंभीरता से लागू नहीं किया। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली पुलिस आयुक्त को पटाखों पर प्रतिबंध को अमल में लाने के लिए विशेष प्रकोष्ठ बनाने का निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार से कहा कि वह हितधारकों से परामर्श के बाद 25 नवंबर से पहले पटाखों पर स्थायी प्रतिबंध लगाने के बारे में निर्णय ले। शीर्ष अदालत ने कहा है कि कोई धर्म प्रदूषण बढ़ाने को प्रोत्साहन नहीं देता है। अगर पटाखे जलाए जाते हैं तो स्वच्छ हवा नहीं रहती, जो अनुच्छेद 21 यानी जीवन के अधिकार का उल्लंघन है। दिल्ली पुलिस कमिश्नर 25 नवंबर तक निजी तौर पर यह हलफनामा दें कि पटाखा प्रतिबंध को लेकर उन्होंने क्या कदम उठाए?

मुख्यमंत्री सरमा और योगी पर जमकर बरसे लालू यादव, कहा-

'हवा में उड़ जाएंगे दोनों'

मेट्रो रेज

रांचीः झारखंड में विधानसभा चुनाव सिर पर है। इस बीच सभी राजनीतिक दल अपने चुनाव प्रचार को अंतिम रूप देने में जुट गए हैं। इसी कड़ी में रविवार को भाजपा नेता और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने झारखंड सरकार पर जमकर हमला बोला। सीएम सरमा के बयान के एक दिन बाद आरजेडी नेता लालू प्रसाद यादव झारखंड सरकार के बचाव में उतरे। उन्होंने भाजपा नेता के बयान पर पलटवार किया। लालू यादव ने हिमंत बिस्वा सरमा और योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए कहा कि दोनों नेता हवा में उड़ जाएंगे।

लालू यादव का भाजपा पर पलटवारः विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा पर पलटवार करते हुए आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने कहा, हवा में उड़ जाएंगे दोनों। यहां महागठबंधन की जीत होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा, इससे कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। मोदी जी गए। आए और गये।

असम के सीएम ने झारखंड सरकार पर लगाए गंभीर आरोपः असम के मुख्यमंत्री ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) पर वोट के लिए झारखंड में घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन घुसपैठियों को संरक्षण दे रहे हैं क्योंकि उन्हें उनके वोटों की जरूरत है। घुसपैठिये स्थानीय लड़कियों से शादी कर रहे हैं और उनकी जमीन हड़प रहे हैं। हम घुसपैठिये पिता और आदिवासी मां से जन्मे बच्चे को आदिवासी दर्जा देने के लिए प्रमाणपत्र जारी नहीं करेंगे।

वहीं यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हजारीबाग में एक रैली के दौरान लोगों से एकजुट रहने की अपील करते हुए कहा कि 'बीजेपी लाओ और 'एक रहो और नेक रहो'। उन्होंने कहा, देश का इतिहास इसका गवाह है, जब भी हमें जाति, क्षेत्र या भाषा के नाम पर बांटा गया है, हमें बेरहमी से काटा भी गया है। हम यह दोहराते हैं, जाति के नाम पर मत बांटो। जो लोग हमें बांट रहे हैं, वे देश के साथ गद्दारी कर रहे हैं। उनके लिए देश उनके एजेंडे का हिस्सा नहीं है, वे वो सब कुछ करेंगे जो भारत के खिलाफ है। यह बंटने का समय नहीं है। यह पीएम मोदी की मानसिकता के अनुसार काम करने का समय है।

इससे पहले झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाजपा के बंटेंगे तो कटेंगे नारे पर निशाना साधते हुए शनिवार को दावा किया कि राज्य विधानसभा चुनाव में भाजपा को हार का सामना करना पड़ेगा। सोरेन ने चुनाव प्रचार के बीच आयकर के छापों की भी आलोचना की। भाजपा के बंटेंगे तो कटेंगे नारे को लेकर एक सवाल के जवाब में सोरेन ने कहा, यहां ना तो बंटे हैं, ना बटेंगे लेकिन चुनाव के माध्यम से कूटे जरूर जाएंगे ये (भाजपा के) लोग। सीएम सरमा ने दी प्रतिक्रियाः लालू यादव के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा नेता हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा, मुझे लगता है कि हम प्रचंड बहुमत की ओर बढ़ रहे हैं। माहौल बहुत अच्छा है, हमारा चुनाव प्रचार बहुत अच्छा रहा। कल पीएम मोदी ने ऐतिहासिक रोड शो किया। हम यहां भारी बहुमत से जीतने वाले हैं।

गुमला में पीएम मोदी ने कहा-

अपनी तिजोरियां भरने में मस्त हैं कांग्रेस और जेएमएम

रांचीः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को झारखंड के रांची में रोड शो किया। इससे पहले उन्होंने गुमला में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। गुमला में पीएम मोदी ने कांग्रेस पर एसटी, एससी और ओबीसी की एकता को तोड़ने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नीत गठबंधन पर खनिज, जंगल, रेत और कोयले जैसे राज्य के समृद्ध संसाधनों को लूटने का आरोप लगाया है।

प्रधानमंत्री ने कहा, 'कांग्रेस जानती है कि यदि अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़ा वर्ग एक हो गए तो वे पार्टी के अस्तित्व के लिए खतरा पैदा कर देंगे। यही कारण है कि कांग्रेस का शाही परिवार उनकी एकता तोड़ने पर आमादा है, वे आरक्षण छीनना चाहते हैं।' उन्होंने कहा, 'कांग्रेस एक आदिवासी समुदाय को दूसरे के खिलाफ खड़ा करने की कोशिश कर रही है। आदिवासी समाज की ताकत को तोड़ने के एजेंडे के साथ वह उरांव के खिलाफ मुंडा, खारिया के खिलाफ लोहरा, कोरवा के खिलाफ खरवार आदि को लड़ा रही हैं।' प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस उच्च पदों पर आदिवासियों को बर्दाश्त नहीं कर सकती, यही कारण है कि उसने राष्ट्रपति पद पर द्रौपदी मुर्मू का विरोध किया और उनका अपमान करना जारी रखे हुए है। उन्होंने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन का भी उल्लेख किया और कहा कि सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा ने इस आदिवासी नेता का अपमान किया। पीएम मोदी ने दावा किया कि इससे रोटी, माटी और बेटी पर गंभीर खतरा पैदा हो गया है। उन्होंने सत्तारूढ़ सरकार पर घुसपैठियों को बढ़ावा देने का भी आरोप लगाया। झामुमो नीत सरकार पर झारखंड की जमीन, नदियां और पहाड़ बेचकर रेत की तस्करी कर करोड़ों रुपये कमाने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा, 'जिन लोगों ने जनता का पैसा लूटा है वे अपना जीवन जेल में बिताएंगे, उन्हें पैसा लौटाना होगा।' उन्होंने आरोप लगाया कि गठबंधन के नेता न केवल संसाधनों को लूट रहे हैं, बल्कि जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने के लिए रिश्वत भी ले रहे हैं। मोदी ने कहा कि ऐसे लोगों को सत्ता में बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि तीन करोड़ महिलाओं को ह्यलखपति दीदीह्न बनाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि रागी की खेती को बढ़ावा दिया जाएगा और यह झारखंड के किसानों के लिए अवसर और समृद्धि लाएगा। उन्होंने कहा, 'यह मोदी की गारंटी है कि भाजपा के घोषणापत्र में गोगो दीदी योजना (हर महीने महिलाओं को 2,100 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करने का) सहित सभी वादों को पूरा किया जाएगा।' उन्होंने कहा, 'झारखंड के आने वाले 25 सालों के लिए अगले पांच साल बहुत महत्वपूर्ण हैं। आपका एक वोट राज्य को विकसित बनाने में योगदान देगा।' झारखंड में विधानसभा चुनाव के तहत 13 और 20 नवंबर को मतदान होगा जबकि मतों की गिनती 23 नवंबर को की जाएगी।

योगी आदित्यनाथ की आज नगरउटारी हुसैनाबाद, पांकी व डाल्टेनगंज में जनसभा

रांचीः उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 11 नवंबर की सुबह 10:30 बजे से गढ़वा जिले के नगरउटारी स्थित गोसाईबाग मैदान, बंशीधर नगर में जनसभा को संबोधित करेंगे। पलामू जिले के हुसैनाबाद स्थित सबडिवीजन ग्राउंड में दोपहर 11:30 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। पांकी स्थित सिंचाई विभाग मैदान में दोपहर 12:30 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। डाल्टनगंज के हाउसिंग कॉलोनी मैदान में दोपहर 1:30 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।

करोड़ों की लागत से बना आईटीआई भवन 12 साल बाद भी है अधूरा

दुबारा हुआ टेंडर फिर भी नहीं हुआ पूरा

सिल्लीः प्रखंड अंतर्गत रामडेरा में जनता की खून पसीने से कमाई का सरकार के पास जमा टैक्स राशि से निर्माण आईटीआई भवन 12 साल से अधूरा है जिसे बच्चों की तकनीकी पढ़ाई करने के अरमानों पर पानी फिर रहा है। बताया जाता है बर्ष 2012 में तत्कालीन भवन निर्माण, विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी विभाग के मंत्री चंद्रप्रकाश चौधरी के कार्यकाल में उक्त आईटीआई भवन का निर्माण कार्य का शिलान्यास स्थानीय विधायक ने किया था। इस दौरान कहा गया था कि अब बच्चों को तकनीकी पढ़ाई के लिए रांची जाना नहीं पड़ेगा। भवन का निर्माण बताया जाता है करीब दो करोड़ 25 लाख की लागत से होना था। स्थानीय लोगों ने बताया शिलान्यास के बाद आधा अधूरा काम हुआ और बीच में ठेकेदार काम छोड़कर भाग गया । मजे की बात है कि इस अधूरा भवन का निर्माण कार्य पूरा करने के लिए पूनः टेंडर निकला गया, टेंडर पांडे कंस्ट्रक्शन को मिला उसने भी आधा अधूरा काम कर छोड़ दिया है। कुछ लोग कहते हैं कहीं ना कहीं सब की मिलीभगत से लागत राशि को लूटने का काम हुआ है।

Format C-7

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'bleSupreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

Name of Political Party : INDIAN NATIONAL CONGRESS
Name of the Election : Legislative Assembly Elections-2024
Name of State/UT : Jharkhand
(1) Name of the Constituency : **75- Panki Assembly Constituency**
Name of the candidate: **Shri Lal Suraj**

Sl.No.			
1.	Criminal antecedents		
	a.	Nature of the offences	Violation of modal code of conduct
	b.	Case no.	Manatu PS Case no-35/14 GR 2248/14
	c.	Name of the Court	Sri PN Upadhyay J.M.F.C. Palamau
	d.	Whether charges have been framed or not (Yes/No)	No
	e.	Date of conviction, if any	Not Applicable
	f.	Details of punishment undergone, if any	Not Applicable
	g.	Any other information required to be given	Not Applicable
2.	The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words)		He stays connected with the people of the constituency and attends their problems. He is meritorious and had achievements during his tenure as Social worker. He is well qualified.
3.	Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words)		We found no other party functionary more meritorious and people friendly who listens to people and solves their problem so quickly.

(Keshav Mahto Kamlesh)
President
Jharkhand Pradesh Congress Committee

FormatC-7

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'bleSupreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

Name of Political Party : INDIAN NATIONAL CONGRESS
Name of the Election : GENERAL ELECTIONS TO THE HOUSE OF PEOPLE (VIDHAN SABHA),2024
Name of State/UT : Jharkhand
(1) Name of the Constituency : **16- POREYAHAT Constituency**
Name of the candidate: **Shri Pradeep Yadav**

Sl. No.			
1.	Criminal antecedents		
	a.	Nature of the offences	1. Criminal- U/S 376/511,354, 354A, 354(B),379, 506,509 354D, 354,34 I.P.C. 2. Criminal-147,148,149, 323,307, 232,233,120, 120(B) IPC and u/s 3/4 Prevention of damage to public property act 1984 Act. 3. Criminal- U/S -224, 225, 143, 353, 341 IPC 4. Criminal- U/S 147, 149, 188, 150, 353, 427, 151, 323, 152 IPC 5. Economic- U/s 3 & 4 of PMLA, 2002
	b.	Case no.	**1. S.T Case No: 127/2021** Arising out deoghar mahila P.S Case no-13/2019 **Date-03-05-2019** **2. S.T Case No-125/2021** Arising out Godda Mufassil P.S. Case No-37/2017, **Date-06-03-2017** **3. T.R NO.- 4146 /2022** G.R NO- 84/2022 Arising out Deoghar town P.S Case No. 303/2010 **Date-15-09-2010** **4. G.R NO-- 6657/2016** Arising out Jagarnathpur (Ranchi) PS Case No 405/16 **Date-23-11-2016** **5. ECIR/RNZO/06/2023** **Under section 3&4 ofPMLA, 2002** **Date-08-01-2023**
	c.	Name of the Court	1. Dist & Additional session judge-III, Dumka 2. Dist & Additional session judge-III, Dumka [illegible] 4. Spl. [illegible] MP/MLA Court Ranchi 5. Spl.Court, PMLA, Ranchi
	d.	Whether charges have been framed or not (Yes/No)	1. Yes Charge framed u/s 376/511, 354, 354(A), 354 (B), 354 (D), 506, 509 I.P.C. Charge Dated 10 06 2022 2. Yes [illegible] [illegible] 3. Yes—Charge U/S 225, 143, 353, 341, 143 IPC Charge Dated [illegible] [illegible] 4No Charge Sheet Awaited 5. No charge yet
	e.	Date of conviction, if any	NA
	f.	Details of punishment undergone, if any	NO
	g.	Any other information required to be given	N/A
2.	The reasons for the selection of the candidate. [illegible]		The selected candidate is very dynamic [illegible]
3.	Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words)		The selected candidate is very dynamic and [illegible]

(Keshav Mahto Kamlesh)
President
Jharkhand Pradesh Congress Committee

भाजपा कार्यकर्ताओं से बोले पीएम मोदी

झारखंड को हमें भ्रष्टाचार, माफियावाद और कुशासन से मुक्त कराना है

मेट्रो रेज

रांची/नई दिल्ली: मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम के तहत नमो ऐप के माध्यम से झारखंड के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीधा संवाद किया। नरेंद्र मोदी ने कहा कि चुनाव कोई भी हो, उम्मीदवार कोई भी हो, लेकिन हम इसे भलिभांति जानते हैं कि चुनाव असल में तो आप जैसे लाखों कार्यकर्ता ही लड़ते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी तो पार्टी ही संगठन पर आधारित है, इसलिए हमारे चुनाव लड़ने का तरीका ही संगठन व कार्यकर्ता आधारित ही होता है।

मोदी ने कहा कि सबसे पहले

मैं आपको बहुत-बहुत बधाई देता हूं, आपकी मेहनत ने विपक्षी दल जेएमएम, कांग्रेस, आरजेडी की नींद उड़ा दी है। झारखंड को हमें इनके भ्रष्टाचार, माफियावाद, कुशासन से मुक्त कराना है। उन्होंने कहा कि झारखंड वन व खनिज संपदा से भरपूर क्षेत्र है। कभी-कभी तो मैं कहता हूं कि झारखंड समृद्ध राज्य है, लेकिन झारखंड के लोगों को गरीब रखा गया है। समृद्धि होने के बावजूद भी यहां विकास का आभाव और बेरोजगारी चरम पर है। इसका सबसे बड़ा कारण भ्रष्टाचार व झारखंड की अमूल्य प्राकृतिक संपदा की बेतहाशा लूट है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आप जानते हैं कि सबका साथ-सबका विकास के मंत्र में झारखंड का विकास मेरी प्राथमिकता है। हम विकास की कोशिश कर रहे हैं, राज्य सरकार के असहयोग के बावजूद भी हम बहुत कुछ करने का प्रयास करते हैं। लेकिन अब मुझे खास लगता है कि जिस गति से मैं विकास चाहता हूं, जिस गति से मैं झारखंड को आगे ले जाना चाहता हूं, वहां डबल इंजन सरकार की बहुत जरूरत है।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि झारखंड इस बार बदलाव करने को संकल्पित हो गया है, इसका सबसे बड़ा कारण तो ये भी है कि जेएमएम, कांग्रेस व आरजेडी ने झारखंड की रोटी, बेटी और माटी पर वार किया है। पिछले पांच साल इन्होंने बड़ी-बड़ी बातें कीं, लेकिन आज झारखंड के लोग देख रहे हैं कि इनके ज्यादातर वादे झूठे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जहां-जहां सत्ता में है, वहां के लोगों को ऐसे ही ठगा है। आपने तो सुना ही होगा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे जी तो खुद कहते हैं कि इनकी पार्टी ने झूठी गारंटियां दी है। उन्होंने कहा,' जितना कर सकते हैं, उतनी ही गारंटी दो'।

बीजेपी में शामिल हुए आदित्य विक्रम जायसवाल

मेट्रो रेज

रांची: कांग्रेस नेता सह प्रोफेशनल कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष आदित्य विक्रम जायसवाल ने सोमवार को बीजेपी का दामन थाम लिया। बीजेपी के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रवींद्र राय ने आदित्य विक्रम जायसवाल को भाजपा की सदस्यता दिलाई। सदस्यता ग्रहण करने के बाद आदित्य विक्रम जायसवाल ने कहा कि हमारी पांच पीढियों ने कांग्रेस की सेवा

की। कांग्रेस ने एक भी वादा पूरा नहीं किया। झारखंड को बचाने के लिए भाजपा की सरकार जरूरी है। जानकारी के अनुसार, आदित्य विक्रम रांची सीट से टिकट की दावेदारी कर रहे थे, लेकिन यह सीट झामुमो के खाते में चली गई।

ग्रामीण बैंक की खिड़की तोड़ 10 लाख की चोरी, एक गिरफ्तार

मेट्रो रेज

पलामू : मेदिनीनगर में ग्रामीण बैंक में चोरी की घटना हुई है। घटना रविवार देर शाम की है। चोरों ने बैंक से 10 लाख 30 हजार रुपए की चोरी कर ली। चोरों ने बैंक की खिड़की तोड़कर घटना को अंजाम दिया। ग्रामीण बैंक की मैनेजर सरोज कुमारी ने बताया कि देर रात चोरों ने खिड़की तोड़कर बैंक से 10 लाख से अधिक रुपए के चोरी की है। चोरी की जानकारी शहर थाना को दी गई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई। इस मामले में पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लिया है।

महिलाओं ने थामा झामुमो का दामन

सिल्ली: पिस्का पंचायत के लोवादाग गांव में गुलाबी देवी मंडल के नेतृत्व में कई महिलाओं ने आजसू पार्टी को छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा के दामन थामा। उन सभी महिलाओं को झामुमो प्रत्याशी अमित महतो की पत्नी पूर्व विधायक सीमा महतो व जिप सदस्य लक्ष्मी देवी ने पार्टी का पट्टा पहनकर स्वागत किया । मौके पर पार्टी प्रवक्ता मोहम्मद फखरुद्दीन राय उपस्थित थे उन्होंने कहा झामुमो पार्टी जो कहती है वो करती है। सिल्ली में इन 5 साल में कोई काम नही हुआ है केवल चुनाव नजदीक देख 1 दिन में 100 योजना का शिलान्यास हुआ हुआ जो शिलान्यास तक ही सीमित है।

झारखंड को रोहिंग्या, बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए धर्मशाला बना दिया गया : योगी

मेट्रो रेज

रांची : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन पर राज्य को रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए धर्मशाला में तब्दील कर देने का आरोप लगाया। आदित्यनाथ ने कहा कि माफिया, पत्थरबाजों और त्योहारों में अराजकता फैलाने वालों और व्यवधान पैदा करने वालों से निपटन के लिए झारखंड में जरूरत है। उन्होंने गढ़वा के भवनाथपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए दावा किया, झारखंड रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए

ह्यधर्मशाला में तब्दील हो गया है, जिन्हें अराजकता फैलाने के लिए खुली छूट दे दी गई है।

उन्होंने लोगों से एकजुट रहने की अपील करते हुए कहा कि अगर वे विभाजित हुए तो उनका सफाया हो जाएगा। उन्होंने कहा, बंटेंगे तो कटेंगे। एक रहेंगे तो सेफ (सुरक्षित) रहेंगे। आदित्यनाथ ने आरोप लगाया कि झारखंड में झामुमो के नेतृत्व वाली सरकार ने भ्रष्टाचार, अराजकता और प्राकृतिक संसाधनों की लूट को बढ़ावा दिया। सोरेन परिवार, लालू प्रसाद के परिवार और गांधी परिवार की ओर इशारा करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि रांची, पटना और दिल्ली के तीन परिवार अपने ही विकास के लिए लूट और भ्रष्टाचार में लिप्त हैं।

आदित्यनाथ ने आरोप लगाया, झामुमो नीत शासन के तहत प्राकृतिक संपदा को लूटा जा रहा है, मजदूर झारखंड से पलायन करने को मजबूर हैं और किसान आत्महत्या कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की तर्ज पर पत्थरबाजों और माफियाओं को यमराज के घर तक टिकट देने के लिए झारखंड में ह्यडबल इंजन की सरकार की जरूरत है। उन्होंने आरोप लगाया, झारखंड में झामुमो नीत शासन में लोगों को शांतिपूर्वक त्योहार नहीं मनाने दिए जा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है जो देश की सुरक्षा और गौरव, महिला सशक्तीकरण और युवाओं को रोजगार की गारंटी दे सकती है। झारखंड की 81 सदस्यीय विधानसभा के चुनाव के लिए 13 और 20 नवंबर को मतदान होना है जबकि मतों की गिनती 23 नवंबर को होगी।

विधानसभा चुनावः झारखंड 43 सीटों पर थम जायेगा चुनाव प्रचार, छह कैबिनेट मंत्रियों की प्रतिष्ठा दांव पर

मेट्रो रेज

रांची : झारखंड में पहले चरण के 43 सीटों पर मतदान के लिए आज शाम चुनाव प्रचार थम जायेगा। जिन सीटों पर 13 नवंबर को शाम पांच बजे तक वोटिंग होनी है, वहां के लिए शाम पांच बजे और जिन सीटों पर शाम चार बजे तक वोटिंग होनी है, वहां के लिए शाम चार बजे तक चुनाव प्रचार थम जायेगा। पहले चरण में पूर्व सीएम चंपाई सोरेन सहित छह कैबिनेट मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, रामदास सोरेन, बन्ना गुप्ता, मिथिलेश ठाकुर, दीपक बिरूआ और बैद्यानाथ राम की प्रतिष्ठा दांव में लगी है।

इन हेवीवेट उम्मीदवारों के भाग्य का होगा फैसला : पहले चरण में हेवीवेट उम्मीदवारों में सरयू राय, भानू प्रताप शाही, सीपी सिंह, नीरा यादव, नीलकंठ सिंह मुंडा, रामचंद्र चंद्रवंशी, केएन त्रिपाठी, राजा पीटर सहित पूर्व सीएम रघुवर दास की बहु पूर्णिमा दास, पूर्व सीएम चंपाई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन, कैबिनेट मंत्री सत्यानंद भोक्ता की बहु रश्मि प्रकाश के भाग्य का फैसला होना है।

पहले चरण में 683 उम्मीदवार हैं मैदान में: पहले चरण के चुनाव में कुल 683 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होना है। 683 उम्मीदवारों 334 निर्दलीय उम्मीदवार हैं। राष्ट्रीय दलों के 87 उम्मीदवार मैदान में हैं। झारखंड़ के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के 32

उम्मीदवार हैं। दूसरे राज्यों के मान्यता प्राप्त दलों से टिकट लेकर 42 उम्मीदवार चुनावी अखाड़े में हैं। 188 उम्मीदवार गैर मान्यता प्राप्त निबंधित दलों से हैं। इसमें छह एससी और 20 एसटी सीटें शामिल हैं।

73 महिला उम्मीदवार भी चुनाव मैदान में: पहले चरण में 73 महिला उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होना है। इसमें 34 महिला निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में किस्मत आजमा रही हैं। इस चरण में एक थर्ड जेंडर उम्मीदवार के भाग्य का भी फैसला होना है। हटिया से थर्ड जेंडर उम्मीदवार नगमा रानी निर्दलीय चुनाव लड़ रही हैं।

13 नवंबर को इन सीटों पर होना है मतदान: कोडरमा, बरकट्ठा, बरही, बड़कागांव, हजारीबाग, सिमरिया, चतरा। बहरागोड़ा, घाटशिला, पोटका, जुगसलाई, जमशेदपुर पूर्वी, जमशेदपुर पश्चिमी, ईचागढ़, सरायकेला, चाईबासा, मझगांव, जगन्नाथपुर, मनोहरपुर, चक्रधरपुर, खरसांवा, तमाड़, तोरपा, खूंटी, रांची, हटिया, कांके, मांडर, सिसई,। गुमला, बिशुनपुर, सिमडेगा, कोलेबिरा, लोहरदगा, मनिका, लातेहार, पांकी, डालटनगंज, विश्रामपुर, छत्तरपुर, हुसैनाबाद, गढ़वा और भवनाथपुर।

आजसू छोड़ झामुमो में शामिल हुए चूल्हा प्रमुख

मेट्रो रेज

सिल्ली : आजसू पार्टी के चूल्हा प्रमुख कमल करमाली लोटा ने आजसू पार्टी को अलविदा कहते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हुआ। झामुमो प्रत्याशी अमित महतो ने पार्टी का पट्टा पहनाकर उनका स्वागत किया। करमाली ने कहा 20 साल से आजसू में रहा, 2019 का विधानसभा चुनाव में चूल्हा प्रमुख बनाया गया जहां केवल वोट लेने और दिलाने तक ही सीमित रखा गया। आज मै लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा चलायी जा रही लोक कल्याणकारी योजनाओं से प्रभावित होकर झामुमो में शामिल हुआ। मौके पर झामुमो नेता राधिका महतो लोटा पंचायत के मुखिया रवींद्रनाथ मुंडा शंकर महतो भगीरथ महतो व अन्य उपस्थित थे।

पहले चरण में आज से 13 और दूसरे चरण में 18-20 नवंबर तक बंद रहेंगी शराब दुकानें

मेट्रो रेज

रांची: पहले चरण के विधानसभा चुनाव को देखते हुए 11 नवंबर की शाम पांच बजे से 13 नवंबर की शाम पांच बजे तक शराब की दुकानें बंद रहेंगी। वहीं दूसरे चरण के चुनाव के लिए 18 नवंबर की शाम पांच बजे से 20 नवंबर की शाम पांच बजे तक शराब दुकानें बंद रखने का आदेश दिया गया है। पहले चरण में 15 जिलों के 43 विधानसभा सीटों पर चुनाव होना है। जबकि दूसरे चरण में 38 विधानसभा सीटों पर चुनाव होगा। रांची जिला प्रशासन ने भी इसका आदेश जारी कर दिया है। आम लोगों से सहयोग की भी अपील की गई है।

एचइसी में सप्लाई कर्मियों की अस्थायी नियुक्ति जल्द

रांची: एचइसी में सप्लाई कर्मियों की अस्थायी नियुक्ति की प्रक्रिया जारी है. इसके लिए कर्मियों से फॉर्म भरवाया गया है. जिसकी स्क्रूटनी व अन्य प्रक्रिया अंतिम चरण में है. एचइसी के अधिकारी ने बताया कि यह प्रक्रिया एक सप्ताह में पूरी कर ली जायेगी. वहीं अस्थायी कर्मियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है. इसके बाद सप्लाई कर्मियों को उनके कार्यस्थल में प्रवेश दिया जायेगा.एचइसी प्रबंधन लगभग 1450 सप्लाई कर्मियों की अस्थायी नियुक्ति करेगा. जिसके लिए नियमावली भी बनायी गयी है. अस्थायी कर्मियों को इसका पालन करना होगा. उन्हें न्यूनतम वेतन 765.69 रुपये प्रतिदिन मिलेगा. वहीं एचइसी द्वारा अधिसूचित छुट्टियां मिलेंगी. प्रबंधन अपने हिसाब से अस्थायी कर्मियों से प्लांटों, कार्यालय व आवासीय परिसर में कार्य लेगा.

साउथ ऑफिस पारा में बंग समाज ने धूमधाम से की जगद्धात्री पूजा

मेट्रो रेज

रांची: छठ महापर्व के समापन के बाद जगद्धात्री पूजा का आयोजन होता है। यूं तो बंगाल के चंदननगर की जगद्धात्री पूजा पूरे देश भर में प्रख्यात है। राजधानी रांची मे भी बंग समुदाय द्वारा जगद्धात्री पूजा का आयोजन विभिन्न क्षेत्रों में किया जाता है। उन्हीं में से एक है साउथ ऑफिस पारा की जगद्धात्री पूजा, जहां बंगाली रीति रिवाज से मां जगद्धात्री की पूजा अर्चना होती है। तनिशा कुंडू ने बताया कि जगद्धात्री पूजा का आयोजन साउथ ऑफिस पारा में पिछले 11 वर्षों से किया जा रहा है। सात्विक रूप में मां जगद्धात्री हमारे बीच आती हैं। पूजा को सफल बनाने में तपती दत्ता, लिना रॉय, अन्नपूर्णा सोमान्तो, रिंकू

सेन, सोमा चक्रबर्ती, पूर्णिमा दोत्तो सहित अन्य सदस्यों की अहम भूमिका रही।

सूक्ति

मनुष्य को चाहिए कि वह परिस्थितियों से लड़े, एक स्वप्न टूटे तो दूसरा गढ़े:
अटल बिहारी वाजपेय

कनाडा की असमंजसता

कनाडा ने विद्यार्थियों के बीच सबसे अधिक पसंद की जाने वाली स्टूडेंट डायरेक्ट स्कीम' (एसडीएस) एकाएक बंद कर दी। इस वजह से फास्ट- ट्रैक छात्र वीजा की सुविधा समाप्त हो गई है जिससे कनाडा में अध्ययन करने के इच्छुक भारत सहित अनेक देशों के हजारों विद्यार्थियों को झटका लगा है। एसड़ीएस का उद्देश्य भारत, चीन और फिलीपींस समेत 14 देशों के छात्रों के वीजा आवेदन सुव्यवस्थित करना था। कनाड़ा के आवासन, शरणार्थी और नागरिकता विभाग की ओर से यह स्कीम 2018 में शुरू की गई थी। दरअसल,हाल के समय में कनाड़ा की ट्रूड़ो सरकार भ्रमित दिखलाई पड़ी है और कनाडा की धरती से खालिस्तानी समर्थक तत्वों द्वारा की जा रही हिंसात्मक घटनाओं ने उसे असमंजस में डाल रखा है। तत्वों ने बीते कुछ समय से हिन्दू मंदिरों पर हमले किए और मंदिर में दर्शनार्थ आए लोगों के साथ भी अभद्र व्यवहार किया है। वोट की राजनीति के चलते कनाड़ा अपने यहां विद्वेष फैलाने वालों तत्वों पर अंकुश नहीं लगा पा रहा है। ऐसे तत्वों के तुष्टिकरण के क्रम में उसने खालिस्तानी निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों का हाथ होने और इस बाबत कोई सबूत न देकर भारत के साथ अपने संबंधों को भी खासा बिगाड़ लिया है। भारत ने अपने राजनयिक वहां से बुला लिए। इन हालात में गफलत में पड़े. कनाडा के सामने अप्रवासियों की बहुत ज्यादा संख्या ने भी उसे ऊहापोह की स्थिति में ला दिया है। कई वर्षों से वह अपने यहां अप्रवासियों की संख्या में भारी कमी करने पर विचार कर रहा है। कनाडा लंबे समय से नये लोगों का स्वागत करने में गर्व महसूस करता रहा है लेकिन इस दौरान ऐसे तत्व भी वहां पहुंच गए जो किसी भी शांतिप्रिय समाज के लिए वांछनीय नहीं कहे जा सकते। कनाडा की दिक्कत यह है कि ऐसे तत्व वहां के नागरिक बनकर वोट बैंक का हिस्सा बन चुके हैं। इस तरह कनाड़ा सरकार को उनके तुष्टिकरण पर विवश होना पड़.रहा है। अप्रवासी इतने बढ़ चुके हैं कि वहां यह बड़ा विवादास्पद मुद्दा बन गया है। वहां अक्टूबर 2025 से पहले संघीय चुनाव होने हैं और एक सर्वेक्षण ने ट्रूड़ो सरकार को संशय में डाल दिया है। सर्वेक्षण के मुताबिक जनसंख्या का बड़ा हिस्सा अप्रवासियों की बहुत ज्यादा संख्या से खफा है। इसलिए गफलत में कनाडा छात्र वीजा बंद करने जैसे अप्रिय फैसले ले रहा है।

नेताओं के जहरीले बोल

कहावत है कि कमान से निकला तीर और जुबां से निकले शब्द कभी वापस नहीं हो सकते। हालिया चुनावों में तीर तो नहीं हैं, लेकिन जुबां से निकले शब्द बेलगाम, अमर्यादित और अशालीन जरूर हो रहे हैं। तमाम लक्ष्मण-रेखाएं लांघी जा रही हैं। संवैधानिक पदों पर आसीन नेता भी अपशब्दों, अभद्र भाषा, मवालियों के व्यवहार का इस्तेमाल कर रहे हैं, लेकिन भारत का चुनाव आयोग महात्मा गांधी के तीन बंदरों की मुद्रा में है। जनप्रतिनिधित्व कानून की धाराएं हैं, आयोग को संवैधानिक अधिकार हासिल हैं, लेकिन आयोग दंतहीन बना है। उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान से ही मौजूदा जहरीले बोलों को समझने की कोशिश करते हैं कि क्या इन आधारों पर भी चुनावी ध्रुवीकरण होता है? मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर लिखा कि यदि बेटी से छेड़छाड़ की गई, तो उस आदमी का चौराहे पर ही इलाज कर देंगे-दे जूता, दे लात, दे घूंसा, दे डंडा आदि। क्या अब पदासीन मुख्यमंत्री के लिए यही कानूनी कार्यशैली और कानूनी संहिता बन गई है? सिर्फ यही नहीं, नेतागण गोली और लाठी की भाषा भी बोलने लगे हैं। आने वाले वक्त में एके-47 की गोली भी चलने लगे अथवा चुनाव में ग्रेनेड का भी इस्तेमाल किया जाने लगे, तो आश्चर्य मत करना। मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यहां तक टिप्पणी की कि ईवीएम का बटन इतनी जोर से दबाना कि राहुल गांधी के गाल पर थप्पड़ पड़े। उप्र सरकार के एक मंत्री ने पूर्व मुख्यमंत्री के बारे में कह दिया कि उनकी सोच और कार्यशैली बंदर जैसी है। महाराष्ट्र में शिवसेना (उद्धव) के एक सांसद ने प्रतिद्वंद्वी शिवसेना की महिला उम्मीदवार को आयातित माल कह दिया। यह महिला बीते 20-25 सालों से भाजपा के साथ जुड़ी हैं, लेकिन गठबंधन के तहत शिवसेना (शिंदे) के टिकट पर चुनाव मैदान में हैं। क्या कोई महिला माल हो सकती है? महाराष्ट्र के ही पूर्व मुख्यमंत्री एवं मोदी सरकार में केंद्रीय मंत्री रहे नारायण राणे ने बकरीद और दीपावली के एक संदर्भ में कह दिया कि आज बाला साहेब होते, तो उद्धव ठाकरे को गोली मार देते! हालांकि बिहार में चुनाव नहीं हैं, लेकिन राजद झारखंड में झामुमो गठबंधन के एक घटक के तौर पर चुनाव लड़ रहा है, फिर भी पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के इस बयान के निहितार्थ समझ के परे हैं-जब भैंस हमें नहीं पटक सकी, तो ये भाजपा वाले क्या पटकेंगे? एक राजद सांसद ने लाठी-डंडे से हड्डी तोड़ देने की बात कही है। इन जहरीले बोलों और गालीनुमा शब्दों की सूची बहुत लंबी है। देश मौत का सौदागर और चौकीदार चोर है जैसे जुमलों को नहीं भूला होगा। देश के प्रधानमंत्री मोदी को भस्मासुर, राक्षस, सांप, यमराज, बिच्छू, बंदर, अनपढ़, हिटलर, कमीना, रावण सरीखी गालियां भी हम भूले नहीं होंगे। मोदी ने एक राजनीतिक उम्मीदवार के नाते किन शब्दों का प्रयोग किया और वे कितने आपत्तिजनक और अनैतिक थे, देश उन्हें भी जानता है। सवाल है कि भाषा, मयार्दा, व्यवहार की ऐसी निरंकुशता पर नेतागण क्या वोट मांगेंगे? क्या उन्हें वोट मिलेंगे? ध्यान होगा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की जुबान जरा-सी फिसल गई थी, उसी आधार पर अदालत ने उन्हें दो साल की सजा सुना दी। सांसदी भी रद्द कर दी गई थी। फिलहाल सर्वोच्च अदालत ने उस फैसले पर रोक लगा रखी है। नए लोकसभा चुनाव भी हो चुके हैं और अब राहुल गांधी लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं।

महंगाई लक्ष्य के अनुरूप रखना जरूरी

> निश्चित रूप से इस बार देश में अच्छे मानसून से खाद्यान्न, दलहन और तिलहन का उत्पादन बढ़ेगा और इनकी सप्लाई बढ़ने से इनकी कीमतें कम होंगी। इसमें कोई दो मत नहीं है कि मौद्रिक प्रबंधन और सरकार के द्वारा तत्परता से खाद्यान्न निर्यात नीति और स्टॉक सीमा निर्धारण सहित विभिन्न उपाय बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण कर सकेंगे। इस परिप्रेक्ष्य में यह भी उल्लेखनीय है कि 16 अक्टूबर को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश के करोड़ों किसानों को उनकी रबी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में जो भारी बढ़ोतरी की है।

डा. जयंतीलाल भंडारी

यकीनन दीपावली के त्योहार के बाद भी नवंबर में प्याज और आलू के साथ अन्य सब्जियों के तेज दाम और खाने के तेल के दाम भी ऊंचे रहने से महंगाई बढ़ी हुई है। हाल ही में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया रिसर्च ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि इस समय देश में खाद्य कीमतों में वृद्धि से खुदरा महंगाई बढ़ी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ग्रामीण इलाकों में महंगाई शहरी इलाकों की तुलना में ज्यादा बढ़ी है। विदेशों से देश में आयात की जा रही विभिन्न वस्तुओं की कीमतों में इजाफे से भी महंगाई बढ़ी है। ऐसे में महंगाई नियंत्रण के मद्देनजर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया लंबी अवधि तक ब्याज दर को स्थिर रख सकता है। यह बात महत्वपूर्ण है कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 के तहत रिजर्व बैंक के द्वारा ब्याज दरों की यथास्थिति, सरकार के महंगाई नियंत्रण के उपाय, अच्छे मानसून तथा स्थिर आपूर्ति श्रृंखला के अच्छे आधार के बावजूद सरकार को खुदरा महंगाई लक्ष्य के अनुरूप 4.5 फीसदी के दायरे में रखने की चुनौती के मद्देनजर नई बहुआयामी रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा। गौरतलब है कि विगत 14 अक्टूबर को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के द्वारा प्रकाशित आंकड़ों के मुताबिक सितंबर 2024 में खुदरा महंगाई दर 5.49 प्रतिशत दर्ज की गई, जो अगस्त में 3.65 प्रतिशत थी। आलू, प्याज, टमाटर के साथ हरी सब्जियों की कीमतों में करीब 36 फीसदी वृद्धि तथा महंगी हुई दालों ने सितंबर माह में खाद्य वस्तुओं की खुदरा महंगाई दर को नौ माह के उच्चतम स्तर 9.24 प्रतिशत पर पहुंचा दिया, जो कि माह अगस्त में 5.66 प्रतिशत थी। खाद्य पदार्थों की कीमतों में उछाल से सितंबर में थोक महंगाई दर भी 1.84 प्रतिशत पर पहुंची है, जो कि माह अगस्त में 1.31 प्रतिशत थी।

खुदरा और थोक महंगाई मुख्य रूप से खाद्य उत्पादों, अन्य विनिर्माण, मोटर वाहनों, मशीनरी और उपकरणों के निर्माण आदि की कीमतों में वृद्धि के कारण दिखाई दे रही है। स्थिति यह है कि आलू, प्याज और टमाटर के दाम कम नहीं होने से जो खुदरा महंगाई दर पांच प्रतिशत के पार हो गई, वह इस माह नवंबर में भी पांच फीसदी के पार जा सकती है। हमें देश में महंगाई की चिंता इसलिए भी करनी है, क्योंकि वैश्विक बाजार में पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने की आशंका बनी हुई है। चूंकि ईरान दुनिया के सबसे बड़े कच्चा तेल उत्पादकों में से एक है और यह देश पश्चिम एशिया के संवेदनशील इलाकों में स्थित है, ऐसे में ईरान के तेल बाजार में अस्थिरता से कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढ़ने पर पेट्रोल, डीजल और अन्य पेट्रोलियम उत्पाद महंगे होने लगेंगे। इसका असर भारत पर विशेष रूप से पड़ेगा, क्योंकि भारत अपनी तेल की जरूरतों के करीब 80 फीसदी तक आयात पर निर्भर है। एक चिंताजनक बात यह भी है कि ईरान और इजरायल के बीच संघर्ष का असर वैश्विक शिपिंग रूट्स पर भी पड़ सकता है, खासकर होर्मुज जलडमरूमध्य पर। यह वैश्विक यातायात का एक अत्यन्त महत्वपूर्ण मार्ग है। दुनिया को मिलने वाला करीब एक-तिहाई तेल और खाद्य व कृषि उत्पादों का अधिकांश यातायात इसी मार्ग से होता है। ऐसे में इस क्षेत्र में शिपिंग बाधित होने से ग्लोबल सप्लाई चैन प्रभावित हो सकती है। इससे खाद्य पदार्थों, जैसे कि गेहूं, चीनी और अन्य कृषि उत्पादों की कीमतें और बढ़ सकती हैं। ऐसे में अब एक बार फिर सरकार को महंगाई नियंत्रण के लिए बहुआयामी नई रणनीति की डगर पर आगे बढ़ना होगा। इस परिप्रेक्ष्य में विगत 9 अक्टूबर को भारतीय रिजर्व बैंक की क्रेडिट पॉलिसी कमेटी बैठक में रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि भारत में महंगाई बढ़ने के जोखिम के मद्देनजर ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया जा रहा है। यह लगातार 10वीं बार है जबकि रिजर्व बैंक ने रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया है। रेपो रेट 6.50 प्रतिशत पर बरकरार है और बैंक रेट 6.75 प्रतिशत पर स्थिर रखी गई हैं। इस मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में तेज विकास दर की बजाय महंगाई नियंत्रण को प्राथमिकता दी गई है। अब ऐसा प्रतीत हो रहा है कि दो माह बाद दिसंबर 2024 में भी आरबीआई ब्याज दरों में कटौती करने की स्थिति में नहीं होगा।

निश्चित रूप से इस बार देश में अच्छे मानसून से खाद्यान्न, दलहन और तिलहन का उत्पादन बढ़ेगा और इनकी सप्लाई बढ़ने से इनकी कीमतें कम होंगी। इसमें कोई दो मत नहीं है कि मौद्रिक प्रबंधन और सरकार के द्वारा तत्परता से खाद्यान्न निर्यात नीति और स्टॉक सीमा निर्धारण सहित विभिन्न उपाय बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण कर सकेंगे। इस परिप्रेक्ष्य में यह भी उल्लेखनीय है कि 16 अक्टूबर को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश के करोड़ों किसानों को उनकी रबी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में जो भारी बढ़ोतरी की है। उससे ग्रामीण क्षेत्रों में महंगाई की मार झेल रहे किसानों को लाभ होगा। साथ ही सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में तीन फीसदी का जो इजाफा किया गया है, उससे कर्मचारियों को महंगाई से राहत मिलेगी। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुताबिक खाद्य महंगाई नियंत्रण के लिए चालू वित्त वर्ष 2024-25 के बजट के तहत की गई व्यवस्थाओं का तेजी से क्रियान्वयन किया जा रहा है। बजट के तहत उपभोक्ता मामलों के विभाग को दाम स्थिरीकरण कोष (पीएसएफ) के लिए 10000 करोड़ रुपए दिए गए हैं। जहां इस कोष का उपयोग दाल, प्याज और आलू के बफर स्टॉक को रखने के लिए किया जाएगा, वहीं जरूरी होने पर इन अन्य खाद्य वस्तुओं के बढ़े दामों को नियंत्रित करने के लिए भी इस कोष का इस्तेमाल किया जा सकेगा। इसके अलावा चालू वित्त वर्ष के बजट के तहत इस वर्ष खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग के लिए खाद्य भंडारण और वेयरहाउसिंग के लिए ऋणों की राशि दोगुनी करके 50000 करोड़ रुपए सुनिश्चित की गई है, जो उल्लेखनीय है।

निश्चित रूप से खाद्य पदार्थों की महंगाई रोकने के लिए सरकार के द्वारा तात्कालिक उपायों के साथ दीर्घकालीन उपायों पर भी ध्यान दिया जाना जरूरी होगा। इस समय ग्रामीण भारत में जल्द खराब होने वाले ऐसे कृषि उत्पादों की आपूर्ति श्रृंखला बेहतर करने पर प्राथमिकता से काम करना होगा, जिनकी खाद्य महंगाई के उतार-चढ़ाव में ज्यादा भूमिका होती है। ऐसे में सरकार को खाद्य उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ कृषि उपज की बबार्दी को रोकने के बहुआयामी प्रयासों की कारगर रणनीति पर आगे बढ़ना होगा। चूंकि देश में फसल कटाई के बाद की उपयुक्त व्यवस्था न होने से 12 से 14 फीसदी तक खाद्यान्न और करीब 35 फीसदी तक सब्जी और फलों की पैदावार बर्बाद हो जाती है, ऐसे में इस बबार्दी को रोकने के लिए खाद्य भंडारण और वेयरहाउसिंग की कारगर व्यवस्था की डगर पर बढ़ना होगा। हम उम्मीद करें कि इन विभिन्न रणनीतिक प्रयासों से देश में खुदरा महंगाई को नियंत्रित किया जा सकेगा और चालू वित्त वर्ष 2024-25 में खुदरा महंगाई लक्ष्य के अनुरूप 4.5 फीसदी तथा आगामी वर्ष 2025-26 में चार फीसदी के दायरे में रहते हुए दिखाई दे सकेगी। ऐसी स्थिति से जहां देश के आम आदमी को राहत मिलेगी, वहीं अर्थव्यवस्था को भी गतिशीलता मिलेगी।

मेले की घटती प्रासंगिकता और पुनर्जीवित करना

> लवी मेला अपने पारंपरिक रूप में मुख्य रूप से व्यापार पर आधारित था, लेकिन अब यह एक सांस्कृतिक उत्सव के रूप में अधिक देखा जाता है। साथ ही, कई अन्य पर्यटन स्थलों के विकास के कारण इस मेले में आने वाले आगंतुकों की संख्या में गिरावट आई है। दूसरा प्रशासन और व्यापारियों के बीच समय पर संवाद न होना। इस वर्ष भी प्लाट महंगे होने को लेकर व्यापारियों और प्रशासन के बीच तनातनी बनी रही। इस मेले की खोई प्रासंगिकता को वापस लाने के लिए कुछ तो प्रयास करने होंगे। व्यापार और संस्कृति का सांझा संतुलित आदान-प्रदान कैसे हो, इसे प्रशासन और लोगों को भी समझने की आवश्यकता है। हिमाचल प्रदेश में कुछ मेले और त्योहार ही तो अंतरराष्ट्रीय हैं।

सिकंदर बंसल

लवी मेला हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले के रामपुर शहर में आधिकारिक तौर पर 11 नवंबर से 14 नवंबर तक आयोजित होने वाला एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व का मेला है। यह मेला सदियों पुरानी परंपराओं और व्यापारिक गतिविधियों का प्रतीक रहा है। 1911 से कुछ वर्ष पूर्व रामपुर में तिब्बत और हिंदुस्तान के बीच व्यापार शुरू हुआ। उस समय राजा केहरी सिंह ने तिब्बत सरकार के साथ व्यापार को लेकर संधि की थी। व्यापार मेले में करमुक्त व्यापार होता था। लवी मेले में किन्नौर, लाहौल-स्पीति, कुल्लू और प्रदेश के अन्य क्षेत्रों से व्यापारी पैदल पहुंचते थे। तब लवी मेले में करमुक्त व्यापार होता था। यह मेला न केवल व्यापारिक गतिविधियों का केंद्र था, बल्कि यह संस्कृति, परंपरा और सामुदायिक जुड़ाव का भी प्रतीक था। यहां पर ऊनी कपड़े, पश्मीना, शॉल, जड़ी-बूटियां और स्थानीय हस्तशिल्प का व्यापार बड़े पैमाने पर होता था। यह मेला पर्यटकों और व्यापारियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र था। हाल के वर्षों में लवी मेले की लोकप्रियता और प्रासंगिकता में धीरे-धीरे कमी देखी जा रही है। इसके पीछे कई कारण हैं। जैसे आधुनिकता और बदलती जीवनशैली। लोगों की जीवनशैली में बड़े पैमाने पर परिवर्तन आया है। परंपरागत वस्तुएं, जो कभी इस मेले का प्रमुख हिस्सा थीं, अब कम लोग खरीदते हैं। आधुनिक बाजारों और ऑनलाइन शॉपिंग के दौर में इस मेले की व्यापारिक उपयोगिता निश्चित ही घट गई है। लवी मेला अपने पारंपरिक रूप में मुख्य रूप से व्यापार पर आधारित था, लेकिन अब यह एक सांस्कृतिक उत्सव के रूप में अधिक देखा जाता है। साथ ही, कई अन्य पर्यटन स्थलों के विकास के कारण इस मेले में आने वाले आगंतुकों की संख्या में गिरावट आई है। दूसरा प्रशासन और व्यापारियों के बीच समय पर संवाद न होना। इस वर्ष भी प्लाट महंगे होने को लेकर व्यापारियों और प्रशासन के बीच तनातनी बनी रही। इस मेले की खोई प्रासंगिकता को वापस लाने के लिए कुछ तो प्रयास करने होंगे। व्यापार और संस्कृति का सांझा संतुलित आदान-प्रदान कैसे हो, इसे प्रशासन और लोगों को भी समझने की आवश्यकता है। हिमाचल प्रदेश में कुछ मेले और त्योहार ही तो अंतरराष्ट्रीय हैं। इस बार हिमाचल में इंटरनेशनल कुल्लू दशहरा में 17 देशों के सांस्कृतिक दलों ने कल्चरल परेड निकाली। यह जिला प्रशासन पर भी निर्भर करता है कि किस तरह इन मेलों को अधिक लोगों के मध्य आकर्षण का केंद्र बनाया जाए। इसी के समानांतर अब लवी मेले में अंतरराष्ट्रीय उत्पादों को लाया जाना चाहिए, ताकि इस मेले के खोए आकर्षण को वापस प्राप्त किया जा सके। मुख्यमंत्री बनने के बाद वीरभद्र सिंह ने वर्ष 1985 में इस मेले को अंतरराष्ट्रीय मेला घोषित किया था। उनकी दूरदर्शी सोच के साथ यह मेला फल-फूल रहा था । अब समय के साथ-साथ लवी मेले का स्वरूप भी बदल गया है। अंतरराष्ट्रीय लवी मेले में तिब्बत, अफगानिस्तान और उज्बेकिस्तान के व्यापारी कारोबार करने के लिए आते थे। वे विशेष रूप से ड्राई फ्रूट, ऊन, पशम और भेड़-बकरियों सहित घोड़ों को लेकर यहां आते थे। बदले में व्यापारी रामपुर से नमक, गुड़ और अन्य राशन लेकर जाते थे। यह नमक मंडी जिले के गुम्मा से लाया जाता था। लवी मेले में 4 नवंबर से 6 नवंबर तक घोड़ा दौड़ के साथ चामुर्थी घोड़ों का भी कारोबार किया जाता था। ये घोड़े उत्तराखंड से लाए जाते थे। अब यह मेला किन्नौर जिले से ही लाकर खासकर सूखे मेवों के लिए ही जाना जाता है। इसमें अब किसी भी तरह का अंतरराष्ट्रीय स्तर शेष नहीं बचा है। अब यह मेला कबाड़ी पुराने वस्त्रों तक ही सीमित रह गया है। साथ ही जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय चुनौतियां जैसी समस्याएं भी हैं। हिमाचल प्रदेश में जलवायु परिवर्तन का भी प्रभाव पड़ा है। यह स्थानीय उत्पादों और उनके उत्पादन पर असर डाल रहा है, जिससे मेले में प्रदर्शित वस्तुओं की विविधता और गुणवत्ता पर प्रभाव पड़ा है। स्थानीय उत्पाद इत्यादि अब बड़ी कम मात्रा में देखने को मिलते हैं। रामपुर बुशहर में मेला कॉलेज मैदान और राष्ट्रीय उच्च मार्ग में लगता है, जिससे यहां यातायात की समस्या भी बनी रहती है। राहगीरों को पैदल चलना बड़ा मुश्किल हो जाता है। आज की पीढ़ी के पास मनोरंजन और उत्सवों के लिए कई अन्य विकल्प उपलब्ध हैं। संगीत, सिनेमा और आधुनिक त्योहारों ने पारंपरिक मेलों के आकर्षण को कम कर दिया है। हालांकि लवी मेले की प्रासंगिकता में कमी आई है, फिर भी इसे पुनर्जीवित करने के प्रयास करने होंगे। स्थानीय प्रशासन और सांस्कृतिक संगठनों को इसे जीवित रखने के लिए कई कदम उठाने होंगे। इनमें पारंपरिक हस्तशिल्प और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को बढ़ावा देना, मेले के प्रचार-प्रसार के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग करना और पर्यटन को आकर्षित करने के लिए विशेष पैकेज शामिल हैं। सरकार और प्रशासन को चाहिए कि बाहर से आए व्यापारियों को उचित सुरक्षा प्रदान करें। अंतरराष्ट्रीय मेलों में लोगों की रुचि कम होने के पीछे तकनीकी उन्नति, पर्यावरणीय और स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं, आर्थिक कारण और डिजिटल विकल्पों की उपलब्धता जैसे कारक प्रमुख हैं। हालांकि, इन चुनौतियों के बावजूद कुछ मेले अपनी सांस्कृतिक विशेषताओं और भौतिक अनुभव के कारण अब भी आकर्षण बने हुए हैं। मेले के आयोजकों को नई तकनीकों और स्थिरता के सिद्धांतों को अपनाकर लोगों की रुचि को फिर से जागृत करने के लिए कदम उठाने होंगे। अब समय आ गया है कि पहले रामपुर बुशहर को पर्यटन, सांस्कृतिक विरासत और अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर के नजदीक सामरिक दृष्टि से विकसित किया जाए। लवी मेला आज भी एक सांस्कृतिक धरोहर के रूप में महत्वपूर्ण है, लेकिन बदलते समय के साथ इसकी व्यापारिक और सामाजिक प्रासंगिकता कम हो रही है। इसे पुनर्जीवित करने और आने वाली पीढ़ियों को इससे जोड़ने के लिए ठोस प्रयासों की आवश्यकता है। परंपरा और आधुनिकता के बीच संतुलन बनाते हुए लवी मेले को उसकी भव्यता और महिमा को बनाए रखने के लिए पुनः स्थापित किया जा सकता है।

मन:स्थिति

चिंतन-मनन

श्रीराम शर्मा आचार्य

निक विचार करो एकलव्य गुरु द्रोण के यहां से निराश होकर धनुर्विद्या का अभ्यास छोड़ देता और भ्रांति के विचारों के संपर्क में होकर क्षुब्ध हो जाता तो क्या सफलता प्राप्त कराने वाली वांछनीय मनःस्थिति स्थिर रख पाता। उसने उनके निराशासूचक शब्दों को अपने अंतःकरण की स्थायी वृत्ति नहीं बनाया। उसके बलवान मन पर भ्रांति का कोई विचार या तिरस्कार प्रभाव न डाल सका। दुर्बल-व्यक्ति के चित्त पर ही प्रतिकूल प्रसंग का प्रभाव पड़ता है। संसार के मनुष्य, चारों ओर से निकम्मे संदेहात्मक दरिद्र विचार लाकर उसके अंतःकरण में डालते हैं और उसकी सफलता, प्रसन्नता और उत्साह को छिन्न- भिन्न कर देते हैं। हम दूसरों की निराशोत्पादक बातों पर ध्यान न दें और उधर से हमेशा के लिए पीठ मोड़ कर आशा के प्रकाश की ओर रु ख कर लें तो अल्प काल में ही विकसित पुष्प की भांति आनंदित हो सकते हैं। जब तुम निश्चय कर लोगे कि मेरा निराशा से जीवन का कोई संबंध नहीं, नाउम्मीदों से मुझे कोई सरोकार नहीं है मैं वस्त्रभूषा पर शरीर पर, व्यवहार में, अपने कार्यों में निराशा का कोई चिन्ह न रहने दूंगा, पूर्ण शक्ति और मनोरथ सिद्धि में प्रवृत्त हूंगा, निराशापूर्ण वातावरण से मेरा कुछ लेना देना नहीं है। मैंने तो अपनी प्रवृत्ति ही उत्तम पदार्थों की ओर कर दी है। लालसा और मनोरथ सिद्धि मेरे बाएं हाथ का खेल है। संसार की कोई कठिनाई श्रेय के मार्ग से मुझे विचलित नहीं कर सकती। तब याद रखो तुम्हारे ह्दय में दिव्य शक्ति-शासनकर्ता शक्ति प्रसन्न होगी। आत्म- श्रद्धा और स्वाभिमान प्रबल लगेंगे और तुम अचरज से कहोगे कि यह परिवर्तन न जाने क्योंकर हो गया? तब तुम भी यही कहोगे कि मन को आशापूर्ण, प्रकाशित और प्रसन्न रखने से सफलता मिलती है, आशावाद ही सफल बनाता है। हमारे लिए कुछ न होगा' ऐसा निराशावादी विचार सफलता का घातक शत्रु होता है। आशावाद प्रेरक शक्ति है, जीवन की जड़ है। उसके अंदर प्रत्येक वस्तु निवास करती है। यह मानसिक क्षेत्र में प्रविष्ट करते ही बड़ा लाभ पहुंचाती है। अतः जिसे नाउम्मीदी से छुटकारा पाने की आकांक्षा हो, उसके लिए उचित है कि अपने मन की स्थिति को उत्पादक, उत्साहपूर्ण, उदार, प्रवर्द्धक और उदात्त रखे।

आपके पत्र

बढ़ती कीमतों पर अब तो जागें सरकारें

अगर देश में कोई भी खाने की चीज, वो भी गरीब से गरीब के लिए भी रोजमर्रा में प्रयोग होने वाली हो, महंगी हो जाए तो सरकारों को उसकी कीमत कम करने के उपाय प्राथमिक आधार पर करने चाहिए। विकास के वादे और दावे तब तक खोखले माने जा सकते हैं, जब तक देश में पैदा होने वाली चीजें महंगी होंगी। अब तो सरकारों को प्याज की बढ़ती कीमतों को रोकने के लिए कुंभकर्णी नींद से जाग जाना चाहिए, क्योंकि कुछ राज्यों में इसकी कीमतें 100 रुपए के आसपास होने की खबरें भी आने लग पड़ी हैं। वैसे प्याज की कीमतें इससे पहले भी बढ़ती थी और इस पर खूब राजनीति भी होती आई है। प्याज पर ही नहीं, बल्कि हर तरह की महंगाई को मुद्दा बनाकर चुनाव लड़े जाते हैं, लेकिन महंगाई के समाधान के लिए किसी भी राजनीतिक पार्टी की सरकार ने आज तक गंभीरता नहीं दिखाई।

केसी राय,रांची

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
प्रधान संपादक : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
email : metrorays.ranchi@gmail.com

उपायुक्त ने होम वोटिंग रिसीविंग सेंटर व कार्य का लिया जायजा , दिये कई निर्देश

मेट्रो रेज

साहिबगंज: विधानसभा आम चुनाव 2024 निष्पक्ष, निर्भिक एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती ने जिला में चल रहे होम वोटिंग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में राजमहल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के 85+ वरिष्ठ मतदाता अंजनी कुमार सिन्हा से मिले एवं उन्हें पुष्प देकर लोकतांत्रिक के इस महान पर्व में सम्मिलित होने को लेकर आभार प्रकट किया।वहीं जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा माइक्रो आब्जर्वर, पीठासीन पदाधिकारी को होम वोटिंग से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए । तत्पश्चात जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज साहिबगंज में बनाए जा रहे रिसीविंग सेंटर में चल रहे कार्यों का जायजा लिया । साथ ही समाग्री कोषांग का निरीक्षण किया निरीक्षण के क्रम में निर्वाचन आयोग के द्वारा दिये गई निर्वाचन कार्य से जुड़े समाग्री का अवलोकन किया एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

वहीं विधानसभा चुनाव 2024 अतर्गत ईभीएम -भीभीपीएटी के प्रारंभ किया गया। बरहेट अ०ज०जा० सामान्य प्रेक्षक मजीद खलील अहमद ड्राबु एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी हेमंत सती के द्वारा सीयू, बीयू एवं भीभीपीएटी के द्वितीय का कार्य का जायजा लिया।

न्यूज ब्रीफ

बरहरवा थाना पुलिस ने दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

साहिबगंज/बरहरवा:थाना पुलिस ने रविवार को मारपीट व छेड़छाड़ मामले के दो आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार बरहरवा थाना में दर्ज प्राथमिकी कांड संख्या 177/24 के सिरसिंन निवासी दो मुख्य आरोपी मुर्शीद शेख एवं मैनुल शेख को बरहरवा थाना क्षेत्र के हाटपाड़ा के समीप मुसहरी टोला से बरहरवा थाना प्रभारी थाना अध्यक्ष गुलशन गौरव दल बल के साथ छापेमारी कर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है,दोनो आरोपियों पर वादी के घर जाकर छेड़छाड़,जान से मारने की कोशिश जैसे आरोप है,प्राथमिकी के बाद पुलिस दोनों आरोपियों को ढूंढ रही थी,जिसे रविवार को सफलता पूर्वक गिरफ्तार कर अग्रेषित कार्यवाही हेतु न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

लाल बथानी सरपंच टोला में चला जनसंपर्क अभियान

साहिबगंज: सदर प्रखंड के युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष कौसर आलम ने इंडिया गठबंधन के राजमहल विधानसभा प्रत्याशी मो० ताजुद्दीन उर्फ एम टी राजा के पक्ष में लाल बथानी सरपंच टोला में जनसंपर्क अभियान चलाया।वही कौसर आलम ने कहा झामुमो के प्रत्याशी मो० ताजुद्दीन को वोट देकर विधानसभा भेजने का काम करें। और हेमंत सोरेन का हाथ मजबूत करें। और फिर एक बार इंडिया महागठबंधन के सरकार बनायें। मौके पर जहांगीर आलम,अब्दुस सलाम,मो० माजुल,इसराइल,मोतीउर रहमान,मसकुर आलम आदि व अन्य उपस्थित रहे।

झारखंड में फिर बनेगी महागठबंधन की सरकार: एखलक नदीम

साहिबगंज:- सदर प्रखंड के हाजीपुर बुध न. 1,2 और 3 में युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष एखलक नदीम ने इंडिया महागठबंधन के राजमहल विधानसभा प्रत्याशी एम टी राजा के लिए चालाया जनसंपर्क अभियान जिसमें नदीम ने लोगों से अपील क्या की झामुमो के प्रत्याशी मो० ताजुद्दीन उर्फ एम टी राजा को वोट देकर विधानसभा भेजना का काम करें।ताकि आने वाले समय में अपने क्षेत्र के हर एक मुद्दा को विधानसभा में उठा सकें।क्योंकि फिर एक बार झारखंड में महागठबंधन सरकार बनाने जा रहे हैं।कार्यक्रम मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मो०कलीमुद्दीन,बासुकीनाथ यादव,विपीन ठाकुर भानुप्रताब, दिनेश मंडल व अन्य उपस्थित रहे।

अपने मत का प्रयोग सोच समझ कर करें: निसात आलम

साहिबगंज/बरहरवा:-कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष बरकत खान ने बरहरवा प्रखण्ड अंतर्गत सातगाछी पंचायत के तेतुलिया, जगन्नाथपुर,कुसमी लखीपुर श्यामपुर सातगाछी, माधोपाडा,रानीग्राम, चापुजान ग्रामसीर अढ़ाईटीकर,मालिन,श्रीरामपुर,चांदना ग्रामों में नुक्कड़ सभा के माध्यम से प्रत्याशी निसात आलम के पक्ष में चुनाव प्रचार प्रसार किया।साथ ही डोर टू डोर जाकर निसात आलम जी को भारी बहुमत से चुनाव जीतने का आग्रह मतदाताओं से किया।बरकत खान ने नुक्कड़ सभा के माध्यम से मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 5 वर्ष में एक बार चुनाव आता है अपने मत का प्रयोग सोच समझ कर करें। चुनाव के समय आने वाले प्रत्याशियों के लोक लुभावने बातों पर ना आएं।इंडिया गठबंधन की सरकार ने झारखंड में अनेक जन उपयोगी योजनाए अबुवा आवास बिजली बिल का माफी,200 यूनिट बिजली फ्री,किसानों का लोन माफी,मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना,फूले बाई सावित्री योजना के तहत छात्राओं को पेंशन का लाभ,फूलों झानो आशीर्वाद योजना का लाभ प्रदान किया है।पुनः झारखंड में गठबंधन की सरकार बनने के उपरांत अनेकों जन उपयोगी योजनाएं धरातल पर लाया जाएगा।मौके पर हीरालाल साहा, तकरीज आलम,तसद्दुक हुसैन,अजादुर रहमान,हिदायत खान,तूफानी शेख,मनोज रविदास,तामू शेख,संजय साहा, संदीप भगत सहित सैकड़ों कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

भाजपा प्रत्याशी ने किया पार्टी कार्यालय का उद्घाटन

जामा: विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी सुरेश मुर्मू ने रविवार को जामा चौक में चुनावी कार्यालय का उद्घाटन फीता काटकर किया। भाजपा प्रत्याशी श्री मुर्मू ने चुनावी कार्यालय का उद्घाटन के बाद कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 2019 विधानसभा चुनाव में सत्ता में आने के लिए झामुमो व कांग्रेस ने कई लोक लुभावन वादे किये थे लेकिन एक भी वादा पूरा नहीं किया। हेमंत सोरेन को बताना चाहिए कि 5 साल तक शासन में रहने के बाद भी एक भी वादा पूरा क्यों नहीं किया गया। इसके विपरीत रघुवर दास के शासनकाल की योजनाओं को बंद कर दिया गया। इस मौके पर इंद्रकांत यादव, सुमित्रा देवी, राजू प्रसाद दर्वे, कृष्णा मंडल, शंभु पंडित, आनंदी राउत, घनश्याम कुमार, श्रवण मंडल, भदेश्वर मरीक, जानकी देवी, सरस्वती देवी, प्रमोद कुमार, योगेन्द्र दर्वे, देवेन्द्र, हेमंत, शंभू, छोटू, गौतम, सिंटू, सुधीर पाल, अमरनाथ मंडल, भोली लायक, नरेश मरीक व अन्य कार्यकर्ता थे।

यात्रियों के दो गुटो जमकर मार-पीट

साहिबगंज/मंडरो: प्रखण्ड के मिर्जाचौकी रेलवे स्टेशन पर डाउन जमालपुर-साहिबगंज पैसेन्जर ट्रेन में यात्रियों के दो गुट में जमकर मार-पीट होने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी अनुसार दोनों ओर से घायल होने की सुचना है। घटना को लेकर एक पक्ष के उधवा निवासी सादिया एवं सिमरन खातुन ने मालदा डिवीजन के मिजाचौकी रेलवे स्टेशन पर उतर कर एएसएम एवं आरपीएफ को जानकारी देते हुए बताया कि भागलपुर से ट्रेन में सवार होने के बाद सफर के दौरान किसी बात को लेकर दुसरे यात्री से विवाद हो गया। इसी दौरान अम्मापाली हाल्ट स्टेशन पर पहले से तैनात कुछ लोगों ने ट्रेन में चढ़कर बुरी तरह से उनके साथ मार-पीट किया। इस घटना में समाउल सेख गंभीर रुप से घायल हो गया। मिर्जाचौकी आरपीएफ पोस्ट पर तैनात जवान अरविंद कुमार यादव ने प्रथम उपचार घायल व्यक्ति समाउल सेख का मिजाचौकी स्वास्थ्य केंद्र में कराते हुए बेहतर इलाज के लिए साहिबगंज अस्पताल भेज दिया गया मामले को लेकर जांच किया जारहा है।

युवक की बाइक चोरी

साहिबंगज: मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महादेवगंज स्थित कुश्ती प्रतियोगिता देखने आए युवक पिरपैती बाबूपुर निवासी चंदन कुमार का बाइक चोरी हो गया। चंदन ने बाइक चोरी होने की शिकायत आवेदन देकर थाना प्रभारी से किया है।चंदन ने बताया की वह रोड किनारे अपना बाइक जे एच 18 के 9315 लगाकर कुश्ती प्रतियोगिता देखने गया था। कुश्ती प्रतियोगिता के दौरान सैकड़ो लोगों की भीड़ इकट्ठा थी घंटे भर बाद कुश्ती प्रतियोगिता देख कर वापस आया तो देखा की बाइक नहीं है। आसपास के पूरे क्षेत्र में बाइक की खोजबीन की लेकिन बाइक का कोई अता पता नहीं चला इसके बाद बाइक चोरी होने की शिकायत थाना प्रभारी से किया। इधर थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

विवाहिता के साथ मारपीट

साहिबगंज: मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र के फाटक निवासी विवाहिता महिला पूजा कुशवाहा के साथ उसके ही बड़े भाई ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया और घर से बाहर निकाल दिया। घायल अवस्था में ही पूजा में अपनी शिकायत को लेकर मिर्जाचौकी थाना पहुंची और थाना प्रभारी से शिकायत की।साथ ही घायल पूजा इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंची जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार किया। घायल पूजा ने बताया कि उसका मिजाचौकी में मायका है और ससुराल मनिहारी में है और अभी वह वर्तमान समय में अपने पति के साथ दिल्ली के छतरपुर में रहती है। जहां उसके पिता महावीर महतो ने फोन कर उसे छठ पूजा पर अपनी मायके बुलाया था। जहां मायका पहुंचने पर उसके बड़े भाई सोनू महतो एवं उसकी पत्नी श्वेता महतो ने गाली गलौज करते हुए मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया है।

जिले में 260 मतदाताओं ने किया प्रथम चरण के लिए पोस्टल बैलट के माध्यम से मतदान

दुमका: विधानसभा आम चुनाव-2024 में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराने हेतु दिनांक 9.11.2024 एवं 10.11.2024 को दुमका जिले में रह रहे प्रथम चरण के अश्एर(आवश्यक सेवा के मतदाता),पोलिंग पर्सनेल द्वारा पूर्वाह्न 9 बजे से अपराह्न 5 बजे तक एवं पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 5 बजे तक ऑफिसर्स एवं सेल स्टाफद्वारा पोस्टल बैलट के माध्यम से मतदान किया गया। 9.11.2024 को पूर्वाह्न 7 बजे से अपराह्न 5 बजे तक तथा 10.11.2024 को पूर्वाह्न 9 बजे से अपराह्न 5 बजे तक जिला पुलिस,होम गार्ड एवं सिक्योरिटी पर्सनल ने पोस्टल बैलट के माध्यम से मतदान किया।

प्रथम चरण के अश्एर(आवश्यक सेवा के मतदाता) हेतु दुमका समाहरणालय के ब्लॉक सी के सामने पार्किंग के जगह पर वोटिंग सेंटर बनाया गया था।पोलिंग पर्सनेल के लिए राजकीय शास्त्री स्मारक मध्य विद्यालय, खूंटाबाँध,के लिए दुमका समाहरणालय के ब्लॉक सी मनरेगा टक्र कोषांग दुमका तथा जिला पुलिस,होम गार्ड एवं सिक्योरिटी पर्सनल के लिए प्राथमिक विद्यालय, पुलिस लाइन दुमका सदर में वोटिंग सेंटर बनाया गया था।

चेकपोस्ट पर तैनात कैमरामैन के साथ दलाल ने की मारपीट

मेट्रो रेज

साहिबगंज/मंडरो:मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र के अंतर्गत भगैया खनन चेकपोस्ट पर शनिवार देर रात विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रतिनियुक्त कैमरा मैन शुभम कुमार भगत पिता मुन्ना भगत साकिन छोटी मेहदी पोखर, थाना इशीपुर बाराहाट निवासी के साथ स्थानीय कुछ लोगों के द्वारा बेरहमी से मारपीट कर गंभीर घायल कर देने का मामला प्रकाश में आया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार लगभग नौ बजे चेकपोस्ट के समीप चाय दुकान के पास नाश्ता करने के लिए गया था। उसी दौरान चेकपोस्ट पर ड्यूटी में तैनात प्रभारी मजिस्ट्रेट ने पत्थर चिप्स लदा ओवरलोडिंग तीन वाहन को छोड़ दिया गया उक्त गंभीर आरोप कैमरामैन ने लगाया है। चेकपोस्ट पर तैनात मजिस्ट्रेट पर आरोप लगाते हुए मीडिया कर्मी के कमरे में उन्होंने वीडियो जारी किया है कि ओवरलोड तीन वाहन को छोड़ दिया गया। इसी के संदर्भ में कहे जाने पर कुछ दलाल किस्म के लोग आए और मारपीट कर कैमरामैन शुभम कुमार भगत का सिर फोड़ दिया वहीं बीच बचाव करने आए बास्की भगत नमक एक व्यक्ति का सोने का चैन छिन लिया साथ-साथ मारपीट की बात सामने आई है। हालांकि कैमरामैन के द्वारा मिजाचौकी थाने में लिखित आवेदन देकर चार नामजद व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दिया है। बताते चले की अवैध परिवहन को लेकर बदनाम भगैया एवं मिर्जाचौकी चेकपोस्ट हमेशा चर्चा में रहा है जिसे लेकर वरिय पदाधिकारी के द्वारा बीच-बीच में कभी-कभार कार्रवाई की जाती है और फिर उसी प्रकार का काला करतूत जारी हो जाता है। इधर ड्यूटी में तैनात प्रभारी मजिस्ट्रेट जावेद अख्तर ने ओवरलोडिंग वाहन चेकपोस्ट के रास्ते छोड़ने पर सफाई दिया है। चेकपोस्ट पर ड्यूटी में तैनात मजिस्ट्रेट और संबंधित कर्मी की कार्यशैली पर लगातार सवाल उठता रहा है। मालूम हो कि कैमरामैन शुभम कुमार भगत ने चार व्यक्तियों पर आरोप लगाते हुए मिजाचौकी में थाना में आवेदन दिया है द्वितीय पक्ष के लोगों ने बिहार के इसीपुर बाराहाट थाना में आवेदन देकर प्रथम पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए उचित कार्रवाई की मांग किया है।

इंडियाज बेस्ट डांसर 4 के विजेता बने स्टीव जिरवा

सोनी एंटरटेनमेंट टेलिविजन के डांस रियालिटी शो इंडियाज बेस्ट डांसर 4? के विजेता स्टीव जिरवा बन गए हैं। उनकी जीत पर शो के सभी तीन जज करिश्मा कपूर, गीता कपूर और टेरेंस लुइस ने उन्हें बधाई दी है। करिश्मा कपूर ने कहा, स्टीव का सफर हर तरह से उल्लेखनीय रहा है। जब उन्होंने पहली बार परफॉर्म किया था, तब से ही उन्होंने अपनी लाजवाब प्रतिभा, जोशीली ऊर्जा, और अपने सबसे तेज फुटवर्क से निरंतर हमारा ध्यान खींचा है। स्टीव ने अपने प्रभावशाली और अप्रत्याशित परफॉर्मेंस से इस मंच पर नया स्टैंडर्ड सेट किया है। यह कठिन फैसला था, लेकिन वह वाकई जीतने लायक हैं, और उन्होंने जो हासिल किया है उस पर हम सभी को बेहद गर्व है। बधाई हो, स्टीव!

गीता कपूर ने कहा, बधाई हो, स्टीव! एक डांसर के रूप में आपका विकास असधारण रहा है, और हर परफॉर्मेंस के साथ आपको विकसित होते देखना सौभाग्य की बात है। आप वाकई इंडियाज बेस्ट डांसर होने के मायनों को साकार करते हैं, और मुझे इसमें कोई शक नहीं है कि आप यूं ही आगे बढ़ते रहेंगे और देश भर के डांसर्स को प्रेरित करते रहेंगे। यह आपके लिए एक उल्लेखनीय सफर की शुरूआत है। डांस करते रहो और प्रेरित करते रहो!

टेरेंस लुईस ने कहा,इस लाजवाब जीत पर बधाई, स्टीव! शुरूआत से ही, आप डांस फ्लोर पर कुछ अनोखा लेकर आए हैं, और आपने हर परफॉर्मेंस में कौशल, आकर्षक, और सच्चे दृढ़ संकल्प को समाहित किया है। आपने वाकई इस कला को बेहतर बनाया है, और इस पूरे सीजन में आपकी प्रगति आपकी कड़ी मेहनत और डांस के प्रति आपके प्यार का प्रमाण है। यह जीत कई महान उपलब्धियों की शुरूआत है। हम सभी को आप पर बहुत गर्व है। यूं ही चमकते रहिए स्टीव!

200 करोड़ के क्लब में सिंघम अगेन

बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की फिल्म सिंघम अगेन ने भारतीय बाजार में 206 करोड़ से अधिक की कमाई कर ली है। रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी फिल्म सिंघम अगेन सिंघम फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म है। सिंघम अगेन दीवाली के अवसर पर 01 नवंबर को रिलीज हुई है।

सिंघम अगेन में अजय देवगन, करीना कपूर, दीपिका पादुकोण, अर्जुन कपूर, टाइगर श्रॉफ, अक्षय कुमार, रणवीर सिंह, रवि किशन और जैकी श्राफ की अहम भूमिका है। सिंघम अगेन बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार सिंघम अगेन ने पहले हफ्ते में 173 करोड़ का शानदार कारोबार किया था, वहीं फिल्म ने आठवें दिन आठ करोड़, नौवें दिन 12.25 करोड़ और दसवें दिन 13.25 करोड़ रुपए की अनुमानित कमाई की है। इस तरह फिल्म सिंघम अगने ने भारतीय बाजार में 206 करोड़ की कमाई कर ली है।

रश्मिका मंदाना ने अल्लू अर्जुन को लिखकर भेजा पैगाम

अल्लू अर्जुन ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर एक प्यारा-सा पल साझा किया है, जिसमें उनकी पुष्पा 2 की को-स्टार रश्मिका मंदाना का दिल छू लेने वाला जेस्चर देखने मिल रहा है। रश्मिका ने इस इमोशन से भरे अंदाज से फैंस का दिल जीत लिया है। उन्होंने एक्टर को एक तोहफा भेजा है और हाथ से लिखा एक पैगाम भी। रश्मिका के हाथ से लिखे नोट में वह कह रही हैं, मेरी मां ने कहा था कि किसी को चांदी का तोहफा देने से उसे सौभाग्य प्राप्त होता है। मुझे उम्मीद है कि यह छोटी-सा चांदी का तोहफा और मिठाई आपके लिए और ज्यादा सौभाग्य, सकारात्मकता और प्यार लेकर आएगी।

खुद का घर खरीदने में विश्वास नहीं रखते अनुपम खेर, आज भी किराए के अपार्टमेंट में रहते हैं अभिनेता

अनुपम खेर इन दिनों अपनी फिल्म 'विजय 69' को लेकर चर्चा में चल रहे हैं। अभिनेता अपने अभिनय करियर के शुरूआती सालों के संघर्षों के बारे में खुलकर बात करने से कभी नहीं कतराते। हाल ही में कर्ली टेल्स से बातचीत में अभिनेता ने बताया कि उनके पास अपना घर नहीं है और वे किराए के अपार्टमेंट में रहना पसंद करते हैं।

घर नहीं खरीदना चाहते अनुपम खेरः हाल ही में एक साक्षात्कार में अनुपम खेर ने कहा, मैं किराए के अपार्टमेंट में रहता हूं, क्योंकि मैंने तय किया है कि मैं घर नहीं खरीदना चाहता। किसके लिए? हर महीने किराया चुकाओ और जियो। जिस पैसे से तुम घर खरीदोगे, उसे अपने बैंक खाते में रखो और उससे किराया चुकाओ।

मां की पूरी की यह इच्छाः अनुपम ने तर्क दिया, लोगों को आपके घर के लिए लड़ने के बजाय, कई सालों बाद जब आप चले जाएं तो देना और पैसे वितरित करना बेहतर है। मैंने शिमला में अपनी मां के लिए एक घर खरीदा । वह इसलिए क्योंकि मैं सात साल पहले उन्हें चिढ़ा रहा था, कह रहा था कि मैं एक बड़ा स्टार हूं और वह मुझे बता सकती हैं कि उन्हें क्या चाहिए।

मां ने जाहिर की घर लेने की इच्छाः आगे उन्होंने कहा, मुझे लगा कि वह कहेंगी, 'नहीं, कुछ नहीं', लेकिन उन्होंने तुरंत कहा, 'मुझे शिमला में एक घर चाहिए'। मैंने उनसे पूछा कि क्यों, क्योंकि मेरे पिता की मृत्यु के बाद हम वहां नहीं रहते हैं, लेकिन वह अपनी पूरी जिंदगी वहां किराए के घर में रहीं, इसलिए वह अपना खुद का घर चाहती थीं।

छुट्टियों में शिमला के घर में जाती हैं मांः अभिनेता ने अपनी मां की इच्छा को तुरंत पूरा किया। उन्होंने बताया, मां ने एक बेडरूम का घर मांगा था, लेकिन मैंने उन्हें आठ बेडरूम का घर दे दिया। जब भी वह कुछ महीनों के लिए वहां जाती हैं, तो बिजली के बिल को ध्यान में रखते हुए सभी कमरों की लाइट बंद कर देती है।

पांच साल बाद कपिल के शो में वापस लौटे नवजोत सिंह, अर्चना पूरन सिंह की कुर्सी गयी?

द ग्रेट इंडियन कपिल शो में एक बड़ा ट्विस्ट आया है, पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू पांच साल बाद कपिल शर्मा के साथ फिर से जुड़ गए हैं। द ग्रेट इंडियन कपिल शो के नए प्रोमो से पता चला है कि शो के पूर्व जज आगामी एपिसोड में दिखाई देंगे।

द ग्रेट इंडियन कपिल शो में एक बड़ा ट्विस्ट आया है, पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू पांच साल बाद कपिल शर्मा के साथ फिर से जुड़ गए हैं। द ग्रेट इंडियन कपिल शो के नए प्रोमो से पता चला है कि शो के पूर्व जज आगामी एपिसोड में दिखाई देंगे। टीजर में सिद्धू जज की कुर्सी पर बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं, जबकि अर्चना पूरन सिंह हैरान दिखाई दे रही हैं।

कपिल के शो में वापस लौटे नवजोत सिंह सिद्धुः प्रमो में कपिल ने मजाक में कहा कि अर्चना पूरन सिंह ने नवजोत सिंह सिद्धू जैसा दिखने के लिए मेकओवर करवाया है। हालांकि सिद्धू ने स्पष्ट किया कि यह उस सीॉ पर सच में बैठे हैं। इसके बाद अर्चना पूरन सिंह मंच पर आईं और कपिल से हस्तक्षेप करने के लिए कहा,कपिल, कृपया सरदार साहब से कहिए कि वे मेरी सीट खाली कर दें। उन्होंने मेरी जगह ले ली है। एपिसोड में शामिल हरभजन सिंह ने भी सिद्धू का समर्थन करते हुए कहा कि वास्तव में कोई भी नवजोत सिंह सिद्धू की जगह नहीं ले सकता। हैरान अर्चना पूरन सिंह ने दी प्रतिक्रियाः वीडियो में यह भी बताया गया कि नवजोत सिंह सिद्धू जज के तौर पर नहीं बल्कि अपनी पत्नी नवजोत के साथ बतौर गेस्ट शो में नजर आएंगे। शो में उनके साथ हरभजन सिंह और उनकी पत्नी, अभिनेत्री गीता बसरा भी शामिल होंगी। नवजोत पांच साल बाद शो की टीम के साथ फिर से जुड़ींः नेटफ्लिक्स शो के नवीनतम एपिसोड में इंफोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति और उनकी लेखिका पत्नी सुधा मूर्ति शामिल थीं। इस एपिसोड में उनके साथ जोमैटो के संस्थापक दीपिंदर गोयल और उनकी पत्नी ग्रीसिया (जिया) भी शामिल थीं।

2019 में कपिल शर्मा शो छोड़ने के लिए नवजोत को कहे जाने के छह साल बाद नवजोत कपिल के साथ फिर से जुड़े। उस समय, एक सूत्र ने द इंडियन एक्सप्रेस को बताया कि चैनल ने उन्हें पुलवामा हमले पर उनके विवादास्पद बयान के बाद शो छोड़ने के लिए कहा था। उनकी जगह अर्चना पूरन सिंह को लिया गया। शो प्रसारित करने वाले चैनल ने उनके बाहर निकलने पर प्रकाश नहीं डाला, लेकिन उस समय नवजोत ने शो से हटाए जाने पर टिप्पणी की थी।

कोको गॉफ ने पहली बार जीता डब्ल्यूटीए फाइनल्स का खिताब

नई दिल्लीः अमरीका की कोको गॉफ ने चीन की झेंग किनवेन को हराकर पहली बार डब्ल्यूटीए फाइनल्स का खिताब जीत लिया है। गॉफ ने फाइनल में पेरिस ओलंपिक चैंपियन झेंग के खिलाफ 3-6, 6-4, 7-6 से जीत दर्ज की। रियाद में इस जीत के साथ गॉफ को 40.54 करोड़ रुपए मिले। तीसरी सीड गॉफ ने नंबर-1 आर्यना सबालेंका को हराकर फाइनल में प्रवेश किया था।

वहीं, 22 साल की चीनी खिलाड़ी झेंग ने सेमीफाइनल में विबंलडन चैंपियन बारबरा क्राजीकोवा को मात देकर अपने पहले डब्ल्यूटीसी फाइनल्स के खिताबी मुकाबले में जगह बनाई थी। गॉफ फाइनल में पहुंचने से पहले ही 19.45 करोड़ रुपए अपने नाम कर चुकी थी। टाइटल जीतने के बाद उन्हें 21 करोड़ की प्राइज मनी दी गई। यानी गॉफ को महिला टेनिस के इतिहास में सबसे अधिक 40.54 करोड़ मिले। 1972 में डब्ल्यूटीसी फाइनल्स शुरू होने के बाद से गॉफ 21 साल से कम उम्र में यह टूर्नामेंट जीतने वाली चौथी अमरीकी खिलाड़ी बन गई हैं। इससे पहले क्रिस एवर्ट, ट्रेसी ऑस्टिन और सेरेना विलियम्स ने यह उपलब्धि हासिल की थी।

सीएसके सीईओ बोले, माही से अलग होने का कोई इरादा नहीं

चेन्नईः दिग्गज विकेटकीपर-बल्लेबाज एमएस धोनी एक बार इंडियन प्रीमियर लीग में खेलते हुए नजर आएंगे। उन्हें चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल 2025 ऑक्शन से पहले चार करोड़ रुपए में अनकैप्ड प्लेयर के तौर पर रिटेन किया है। धोनी की अगवाई में सीएसके पांच पर आईपीएल ट्रॉफी जीती है। धोनी के 18वें सीजन में खेलने को लेकर असमंजस था, लेकिन रिटेंशन लिस्ट आने के बाद फैंस की बांछें खिल गईं। सीएसके के सीईओ काशी विश्वनाथन ने अब धोनी के आईपीएल फ्यूचर को लेकर बड़ी बात कही है।

उन्होंने कहा कि फ्रेंचाइजी का निकट भविष्य में धोनी से अलग होने का कोई इरादा नहीं है। विश्वनाथन ने अंबाती रायुडू के साथ बातचीत के दौरान कहा, जहां तक माही भाई की बात है, तो आप जानते हैं कि वह सबकुछ अपने तक ही रखते हैं। यह सब आखिरी समय में ही सामने आता है। सीएसके के लिए उनके पैशन का जवाब नहीं। एमएस धोनी जब तक खेलना चाहते हैं, उनके लिए दरवाजे खुले हैं। उनके कमिटमेंट और समर्पण को देखते हुए मुझे यकीन है कि वह हमेशा सही निर्णय लेंगे।

न्यूज ब्रीफ

3 किलो 20 ग्राम चरस के साथ तीन गिरफ्तार एक आरोपी पहले भी हो चुका है अरेस्ट

नूरपुरः पुलिस जिला नूरपुर द्वारा नशे के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियान के तहत सोमवार को महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस थाना डमटाल के अंतर्गत राष्ट्रीय उच्चमार्ग पर नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई अमल में लाई गई। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक संदिग्ध गाड़ी और मोटरसाइकिल का उपयोग मादक पदार्थों की तस्करी के लिए किया जा रहा है।

सूचना के आधार पर पुलिस ने नाका लगाकर वाहनों की तलाशी ली। इस दौरान संदिग्ध गाड़ी और मोटरसाइकिल से कुल 3 किलो 20 ग्राम चरस बरामद की गई। पुलिस ने तस्करी के आरोप में तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है, जिसमें करणप्रीत सिंह निवासी गांव चंगी, डा. मरहीन, तहसील हीरानगर जिला कठुआ, विशाल कुमार निवासी समलाना डा. मकड़ाहन तहसील जवाली व साहिल कुमार निवासी गांव चकदेसा तहसील मरहीन, जिला कठुआ शामिल हैं। आरोपियों के खिलाफ थाना डमटाल में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है कि आरोपी विशाल कुमार एक अभ्यस्थ अपराधी हैं, जिसे पहले भी थाना जवाली में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया जा चुका है, जिसमे 12 किलो 156 ग्राम चरस बरामद हुई थी। एसपी नूरपुर अशोक रत्न ने बताया कि जिला पुलिस नूरपुर कानशे के खिलाफ भविष्य में भी अभियान जारी रहेगा।

ट्रंप ने पुतिन को किया फोन, यूक्रेन युद्ध को लेकर हुई चर्चा

मॉस्कोः अमरीकी राष्ट्रपति चुनाव जीतने वाले डोनाल्ड ट्रंप ने कथित तौर पर गुरुवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ फोन पर बातचीत की। वाशिंगटन पोस्ट ने सूत्रों के हवाले से दावा किया है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने शुक्रवार को कहा कि ट्रंप के साथ संपर्क की तैयारी बनी हुई है, जिस पर गुरुवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने जोर दिया था, लेकिन कोई विशेष जानकारी नहीं थी। वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। अखबार का दावा है कि ट्रंप ने यूक्रेन में संघर्ष को न बढ़ाने का आह्वान किया था और कथित तौर पर यूक्रेनी संघर्ष के शीघ्र समाधान पर चर्चा करने के लिए बाद की बातचीत में रुचि व्यक्त की थी।

ईडी की बड़ी कार्रवाई, चेन्नई में विदेशी मुद्रा उल्लंघन की जांच के तहत कई स्थानों पर छापेमारी

चेन्नई : प्रवर्तन निदेशालय ने विदेशी मुद्रा उल्लंघन से जुड़ी जांच के तहत सोमवार को चेन्नई में कई स्थानों और कुछ अन्य स्थानों पर छापेमारी की है। जानकारी के मुताबिक विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत दर्ज मामले में करीब 10 ठिकानों पर तलाशी ली जा रही है। यह जांच विदेशी मुद्रा कानून के प्रावधानों के कथित उल्लंघन से जुड़ी बताई जा रही है। ईडी का कार्रवाई से हड़कंप मच गया है। एजेंसी की कई टीमें इस कार्रवाई को अंजाम दे रही हैं।

बिहार-यूपी सीमा पर ट्रेन डिरेल करने की बड़ी साजिश नाकाम, कटा हुआ मिला ट्रैक

नई दिल्ली : बिहार-उत्तर प्रदेश सीमा पर एक बार फिर ट्रेन पटरी से उतारने की साजिश नाकाम कर दी गई है। इस घटना में रेलवे ट्रैक को जानबूझकर काटा गया था। सूचना के अनुसार, कोलकाता-गाजीपुर सिटी शब्दभेदी एक्सप्रेस को निशाना बनाने की कोशिश की थी, लेकिन लोको पायलट की सतर्कता से बड़ा हादसा टल गया। रेलवे अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और इस मार्ग पर ट्रेन सेवाएं फिलहाल बाधित हैं। रेलवे ट्रैक कटे होने की सूचना मिलते ही जीआरपी और पुलिस प्रशासन के अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे। यह ट्रेन कोलकाता के हावड़ा स्टेशन से शाम 10:45 बजे चलती है और गाजीपुर सिटी स्टेशन पर दोपहर 12:25 बजे पहुंचती है। हाल ही में उत्तराखंड में भी इस तरह की घटना हुई थी, जहां बिलासपुर रोड रुद्रपुर सिटी स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर एक लोहे का खंभा रखा गया था। दून एक्सप्रेस के लोको पायलट ने समय रहते ब्रेक लगाकर हादसा टाल दिया था। इससे पहले उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में भी रेलवे ट्रैक पर लकड़ी का टुकड़ा रखकर ट्रेन को पटरी से उतारने की कोशिश की गई थी।

आतंकी पन्नू का करीबी निकला कनाडा में हिंदू मंदिर पर हमले का मास्टरमाइंड

- निज्जर की हत्या के बाद देख रहा था रेफरेंडम से जुड़े काम
- गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने दी जमानत, हिंदुओं ने जताया रोष

एजेंसी/ओटावाः कनाडा में मंदिर पर हमला करने के मामले में गिरफ्तार किया गया चौथा आरोपी ब्राम्पटन का 35 वर्षीय इंद्रजीत गोसाल खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू का करीबी निकला है। उसके आतंकी पन्नू के साथ फोटो वायरल हो रहे हैं। इंद्रजीत गोसाल मंदिर पर हमले का मास्टरमाइंड है और आतंकी पन्नू का दाहिना हाथ बताया जा रहा है। ग्रेटर टोरंटो में हिंदू मंदिर पर हमले का प्लान इंद्रजीत ने ही तैयार किया था। हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद वही रेफरेंडम से जुड़े काम को देख रहा है। गिरफ्तारी के बाद उसे जमानत पर छोड़ दिया गया है।

इसे लेकर हिंदुओं में काफी रोष है और हिंदु इस बात का विरोध कर रहे हैं। हालांकि अधिकारियों ने कहा कि उसे शर्तों के साथ रिहा किया गया है और उसे बाद में ब्रैम्पटन में ओंटारियो कोर्ट ऑफ जस्टिस में पेश होना है। बता दें कि चार नवंबर को खालिस्तानियों ने कनाडा में कई मंदिरों को निशाना बनाया था। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इन हमलों की निंदा करते हुए कनाडा को कड़ा संदेश दिया था। कनाडा में हिंदुओं पर इस तरह के हमले को लेकर दुनिया के कई देशों ने निंदा की थी। पुलिस ने कहा, घटना की जांच के लिए एक विशेष दल बनाया गया है और इसकी जांच की जा रही है।

मल्लिकार्जुन खडगे का योगी पर हमला,कहा-

गेरुआ कपड़े पहनने वाले फैला रहे नफरत

मुंबईः कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि आज कल कई नेता साधुओं के वेश में रहते हैं। कुछ तो मुख्यमंत्री भी बन गए हैं। वे गेरुआ कपड़े पहनते हैं और नफरत फैला रहे हैं। मुंबई में संविधान बचाओ सम्मेलन में खडगे ने कहा कि अगर नेता हैं तो सफेद कपड़े पहनें। अगर आप संन्यासी हैं और गेरुआ कपड़े पहनते हैं तो राजनीति से बाहर निकलें। एक तरफ गेरुआ कपड़े पहनते हैं और दूसरी तरफ कहते हैं बंटोगे तो कटोगे। वह लोगों के बीच नफरत फैला रहे हैं और बांटने की कोशिश कर रहे हैं।

महाराष्ट्र और यूपी उपचुनाव को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ लगातार ये बयान दे रहे हैं कि बंटोगे तो कटोगे। इसे लेकर लगातार विपक्षी दल भाजपा और सीएम योगी पर हमला बोल रहे हैं। अब कांग्रेस अध्यक्ष ने भी इस पर जवाब दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि ह्यउनका क्या मतलब है? आप किसको काटेंगे? इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने देश को एकजुट रखने के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी। यह योगी जी का नारा है।आरक्षण की 50 फीसदी सीमा हटाने का वादाः कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा कि बेरोजगार युवाओं को 4000 रुपए मासिक वजीफा दिया जाएगा। 25 लाख रुपए की हमारी स्वास्थ्य बीमा योजना राजस्थान में अशोक गहलोत द्वारा शुरू की गई थी और इसे महाराष्ट्र में भी लागू करेंगे। हम मुफ्त दवाइयां भी उपलब्ध कराने का वादा करते हैं। हमने जाति जनगणना करने का फैसला किया है और हम तमिलनाडु की तरह आरक्षण पर 50 फीसदी की सीमा को हटा देंगे।

सीआरपीएफ जवान ने अपहरण के बाद की बच्चे की हत्या

भरूचःगुजरात के भरूच जिला के अंकलेश्वर शहर में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक कांस्टेबल ने अपने पड़ोसी के आठ साल के बच्चे की अपहरण के बाद हत्या कर दी। कांस्टेबल शैलेंद्र राजपूत शेयर मार्केट में घाटा होने के कारण भारी कर्ज में डूबा था। कर्ज उतारने के लिए उसने बच्चे का अपहरण किया और उसे एक संदूक में बंद कर दिया। संदूक में बच्चे का दम घुट गया और उसकी मौत हो गई। बच्चे की मौत के बाद भी सीआरपीएफ कांस्टेबल पांच लाख की फिरौती के लिए उसके पिता को फोन करता रहा।

पुलिस ने फोन की लोकेशन ट्रेस करके आरोपी कांस्टेबल शैलेंद्र को दबोच लिया और उसके घर से संदूक में रखे बच्चे के शव को बरामद किया। पुलिस ने बताया कि शैलेंद्र राजपूत मध्य प्रदेश के ग्वालियर में तैनात था। वह शेयर बाजार में निवेश करता था, जहां उसे घाटा होता गया। फिर भी वह कर्ज लेकर शेयर मार्केट में रुपए लगाता रहा। कर्जदारों ने उसके ऊपर रकम देने का दबाव बनाया, तो वह परेशान हो गया। आखिरकार उसने कर्ज चुकाने के लिए बच्चे का अपहरण कर फिरौती मांगने का प्लान बनाया।

मुंबई में विदेश मंत्री एस जयशंकर बोले

वैश्विक प्रतिस्पर्धा में और मजबूत करना होगा अपना स्थान

मुंबईः मुंबई में आयोजित आदित्य बिड़ला छात्रवृत्ति रजत जयंती समारोह में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं और भारत के लिए बढ़ते अवसरों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी ने दुनिया को बताया कि अगर हम एक सीमित भौगोलिक क्षेत्र पर अधिक निर्भर रहते हैं, तो वह खतरनाक हो सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि वैश्विक उत्पादन और बाजार पर राजनीतिक दबाव ने दुनिया को चिंता में डाल दिया है। दुनियाभर में आपूर्ति श्रृंखलाओं को अधिक भरोसेमंद और सुरक्षित बनाने की जरूरत है। अपने संबोधन में विदेश मंत्री ने भारत के वैश्विक मंच पर बढ़ते प्रभाव का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, आज पूरी दुनिया भारत की कहानी को सराह रही है।

विदेश मंत्री ने कहा कि भारत को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में अपने स्थान को और मजबूत करना होगा। उन्होंने कहा, दुनिया अब एक प्रतिस्पर्धा वाली जगह बन चुकी है और भारत के विकास को सुनिश्चित करने के लिए हमें अपने स्थान को और मजबूत करना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि युवा पीढ़ी को बेहतर अवसर देने के लिए सरकार विभिन्न कदम उठा रही है, जिससे देश का भविष्य और उज्जवल हो सके। आदित्य बिड़ला समूह की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न इलाकों के छात्र और युवा पेशेवर शामिल हुए।

हर दिन होती है मेरे प्रदर्शन की समीक्षाः कार्यक्रम में सवाल जवाब सत्र के दौरान जयशंकर से जब पूछा गया कि पीएम नरेंद्र मोदी आपके किस तरह के बॉस हैं? इसके जवाब में उन्होंने कहा कि मेरे काम की रोजाना समीक्षा होती है। सच कहूं तो, मेरे बॉस काफी मेहनती और मेहनत की उम्मीद करने वाले हैं। वह हर काम की पूरी तैयारी करते हैं और चाहते हैं कि जब आप उनसे किसी मुद्दे पर बात करें तो आप भी पूरी तैयारी करके आएं। आपको अपने तर्क देने के लिए ठोस जानकारी और आंकड़े साथ लाने होते हैं। दूसरी बात, वह बहुत संवाद करने वाले बॉस हैं। उनके साथ काम करना अच्छा लगता है, क्योंकि वह फैसला लेने के बाद आपको काम करने की पूरी आजादी देते हैं। जैसे यूक्रेन संकट के दौरान उन्होंने तुरंत फैसला लिया कि हमें अपने लोगों को वहां से सुरक्षित निकालना है। उन्होंने कहा कि जो भी करना हो करो, वायु सेना का उपयोग करो, नागरिक विमान का इस्तेमाल करो, लोगों से बात करो। अगर जरूरत पड़ी तो वह खुद फोन पर बात करने के लिए तैयार थे। उन्होंने हमें पूरी तरह से काम करने का मौका दिया।

दिल्ली- एनसीआर एक्यूआई

आज भी एक्यूआई बेहद खराब, जहरीली हवा से दिन-पर-दिन बिगड़ते जा रहे हालात

नई दिल्ली : सर्द होते मौसम के साथ बढ़ रहे प्रदूषण से लोगों की समस्या बढ़ गई है। सुबह और शाम के समय सड़क पर निकल रहे लोग लंबे समय तक खांसी, आंखों व गले में जलन, सांस लेने में दिक्कत के साथ परेशान है। आज सोमवार सुबह भी दिल्ली के कई इलाकों में धुंध की एक हल्की चादर नजर आई।

अक्षरधाम के आसपास के क्षेत्र में धुंध की एक परत नजर आई। जहां एक्यूआई 378 दर्ज किया गया है, सीपीसीबी के अनुसार, प्रदूषण का स्तर 'बहुत खराब' श्रेणी में है। आनंद विहार- 382, बवाना- 401, अशोक विहार- 380 एक्यूआई दर्ज हुआ है। यह आकंड़े सुबह आठ बजे तक के हैं। वहीं दूसरी तरफ दिल्ली के कालिंदी कुंज में यमुना नदी में जहरीला झाग तैरते दिख रहे हैं। जिसकी वजह से नदी में प्रदूषण का स्तर उच्च बना हुआ है। डॉक्टरों का कहना है कि मौसम सर्द होने के साथ प्रदूषण का स्तर बढ़ा है। निचले स्तर पर प्रदूषण कण होने के कारण लोगों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है। इसमें ऐसे लोग भी परेशान हो रहे हैं जिन्हें पहले कोई समस्या नहीं रही।

सफदरजंग में दृश्यता 500 मीटर दर्जः राजधानी में स्मॉग और धुंध ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। इससे दृश्यता बेहद कम दर्ज की जा रही है। जैसे-जैसे सर्दी करीब आ रही है, वैसे ही दृश्यता में गिरावट देखने को मिल रही है। रविवार को सफदरजंग में सुबह के समय दृश्यता 500 मीटर रही। जोकि अमूमन इस समय एक हजार मीटर से अधिक रहती है। वहीं, सुबह साढ़े पांच बजे से लेकर छह बजे के बीच पालम में 700 मीटर दृश्यता रिकॉर्ड की गई। इससे सुबह के समय लोगों को दूर तक देखने में परेशानी का सामना करना पड़ा। सबसे अधिक परेशानी वाहन चालकों को हुई। साथ ही, स्मॉग की वजह से लोगों को सांस लेने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। यही नहीं, आंखों में भी जलन महसूस की गई।

दिल्ली समेत एनसीआर में प्रदूषण का स्तरः सीपीसीबी के अनुसार मौसमी बदलाव के चलते वायु गुणवत्ता में सुधार देखने को मिला। ऐसे में लगातार तीन दिनों से वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) सुधार आ रहा है। इससे रविवार को एक्यूआई 334 दर्ज किया गया। हालांकि, अभी भी हवा बेहद खराब है। यह शनिवार की तुलना में 18 सूचकांक की कमी आई है। वहीं, शुक्रवार के मुकाबले 46 सूचकांक की गिरावट है। उधर, एनसीआर में सबसे साफ हवा फरीदाबाद की रही। यहां एक्यूआई 122 रहा, जोकि मध्यम श्रेणी है। इसके बाद गाजियाबाद में हवा में सुधार देखने को मिला। यहां एक्यूआई 232 रहा। वहीं, गुरुग्राम में 260, ग्रेटर नोएडा में 249, नोएडा में 220 एक्यआई रहा। इन शहरों में लोगों ने खराब हवा में सांस ली।

आज विस्तारा की फ्लाइट भरेगी आखिरी उड़ान, कल से एयर इंडिया करेगी संचालन

2022 में हुई थी मर्जर की डील

नई दिल्लीः भारत की तीसरी बड़ी एयरलाइन विस्तारा सोमवार को अपनी आखिरी फ्लाइट का संचालन करेगी। 12 नवंबर से विस्तारा के सभी फ्लाइट्स का ऑपरेशन एयर इंडिया करेगी। इसके लिए टिकट की बुकिंग भी एयर इंडिया के वेबसाइट से होगी। एअर इंडिया और विस्तारा की मर्जर डील नवंबर 2022 में साइन हुई थी। भारतीय रेगुलेटर कॉम्पिटिशन कमीशन ऑफ इंडिया (सीसीआई) की ओर से इसे सितंबर 2023 में मंजूरी मिली थी। इस मर्जर के बाद मार्केट शेयर के लिहाज से एयर इंडिया ग्रुप इंडिगो के बाद देश की दूसरी सबसे बड़ी डोमेस्टिक एयरलाइन और सबसे बड़ी इंटरनेशनल एयरलाइन बन गई है। मर्जर के बाद, एयर इंडिया फुल-सर्विस और लो-कॉस्ट वाली पैसेंजर सर्विस दोनों को ऑपरेट करने वाला एकमात्र भारतीय एयरलाइन ग्रुप होगा। एयर इंडिया (एयर इंडिया एक्सप्रेस और एयर एशिया इंडिया सहित) और विस्तारा के पास टोटल 218 वाइडबॉडी और नैरोबॉडी एयरक्राफ्ट्स हैं, जो 38 इंटरनेशनल और 52 डोमेस्टिक डेस्टिनेशन के लिए सर्विस देते हैं। विस्तारा एयरलाइन की शुरूआत 2013 में हुई थी। यह ईस्ट-सेंट्रल एशिया और यूरोप में इंटरनेशनल ऑपरेशन्स के साथ भारत का लीडिंग फुल सर्विस कैरियर है।

न्यूज ब्रीफ

बन्दगांव के थाना प्रभारी दुर्गा शंकर मंडल ने डाक मत पत्र के माध्यम से किया मतदान

चाईबासा: मतदान हमारे जीवन का मजबुत स्तम्भ और आधार है तथा मतदान करने के लिए सभी लोग अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित भी करते हैं इसी क्रम में बन्दगांव थाना के थाना प्रभारी दुर्गा शंकर मंडल ने अपने मताधिकार का प्रयोग पोस्टल वेलेट सेंटर पर किया। मतदान करने के बाद हर्षित होते हुए थाना प्रभारी श्री मंडल ने कहा कि मताधिकार का प्रयोग कर अपने जागरूकता का परिचय भी देते हैं। पांच वर्ष के अन्तराल में होने वाले मतदान में हमें पूर्णरूपेण अपनी सहभागिता निभानी चाहिए। स्वयं मतदान करने के साथ-साथ लोगों को भी मतदान के प्रति प्रेरित करना चाहिए। मतदान हमारा मौलिक अधिकार है और इसे हमें पूर्णरूपेण सक्रिय होकर इसका हिस्सा भी बनना चाहिए।

भाजपा प्रत्याशी बिरंची नारायण ने डोर टू डोर किया जनसंपर्क

बोकारो : जनसंपर्क अभियान के तहत बोकारो विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ताओं ने सेक्टर 5 के धोबी मोहल्ला में एनडीए प्रत्याशी बिरंची नारायण ने डोर टू डोर जनसम्पर्क कर भाजपा के पक्ष में 20 नवंबर को मतदान करने का आग्रह किया। बोकारो विधायक सह प्रत्याशी बिरंची नारायण ने कहा कि हेमंत सरकार पर वादा खिलाफी, झूठे वादे, लुट, भय, अत्याचार से अविश्वास से आम जनता में रोष है। जिस वादे के साथ 2019 में सरकार बनी पांच साल पूरे हो गए मगर कोई भी जनता से किया गया वादा पूरा न कर सके। दिन प्रतिदिन प्रखंड हो या जिला या प्रदेश भ्रष्टाचार चरम सीमा पर। संतरी से मंत्री तक जेल जा चुके हैं। कुछ मंत्री अभी जेल में तो कोई आईएस अधिकारी जेल में। झारखंड की खनिजों की लूट मची जिसमे उनका परिवार के लोग भी शामिल हैं। बोकारो विधानसभा के जनता ने अपना मन बना चुके है कि राज्य में फिर से भाजपा की सरकार आए और जनहित कार्यों का काम पुनः शुरू हो ताकि राज्य का सर्वाधिक विकास हो और जरूरत मंदो को उनका हक अधिकार मिल सके।बोकारो भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि में अपने कार्यों को लेकर जनता के बीच आया हूं विगत 10 सालों में जो भी वादा किया उसे पूर्ण करने का कार्य किया और आगे भी करूंगा।

स्वदेशी जागरण मंच ने हर्षोउल्लास के साथ मनाया दत्तोपंत ठेंगडी की जयंती

बोकारो : स्वदेशी जागरण मंच के तत्वावधान में श्रद्धेय दत्तोपंत ठेंगडी जी की जयंती हर्षोउल्लास के साथ मनाई गई। ज्ञात हो कि स्वदेशी जागरण मंच, भारतीय मजदूर संघ, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, भारतीय किसान संघ, सहकार भारती, सामाजिक समरसता मंच, सर्व पंथ समादर मंच, अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत, पर्यावरण मंच जैसी कई संस्थाओं के संस्थापक मार्गदर्शक श्रद्धेय दत्तोपंत ठेंगडी की जयंती 31,लोहांचल कॉलोनी में स्वदेशी जागरण मंच के तत्वावधान में जिला संयोजक प्रमोद कुमार सिन्हा के नेतृत्व में मनाई गई कमंच के जिला संयोजक ने बताया कि देश के 542 ज़िलों में एक साथ, एक ही समय (11 बजे से 1 बजे) में श्रद्धेय दत्तोपंत ठेंगडी जी की जयंती मनाई गई क ये अपने आप में एक मिसाल है ककार्यक्रम दो सत्र में हुई कप्रथम सत्र 11 बजे से 12 बजे तक स्थानीय स्तर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया कस्वदेशी जागरण मंच एवं अन्य संगठनों से आए सदस्यों ने भारत माता और ठेंगड़ी जी को श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया और राष्ट्रऋषि ठेंगड़ी जी के जीवनी पर प्रकाश डाला क जिसमें अजय (दीपक)चौधरी, बिनोद कुमार, दिलीप वर्मा, अजय सिंह, कुमार संजय, विवेकानंद झा,नवीन सिन्हा, मनीष श्रीवास्तव,सुरेश सिन्हा प्रेम प्रकाश, सुजीत कुमार, सुधीर रॉय, भीष्म नारायण, अशोक रंजन, दीपक कुमार, ददन प्रसाद, अवधेश कुमार सिंह, मनोज शर्मा, संजीव कुमार, अंजनी सिन्हा, सुभाष चंद्र राय एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थें कदूसरा सत्र 12 बजे से 1 बजे तक चला जिसमें केंद्र में ठेंगड़ी जी की जयंती समारोह का लाइव प्रसारण यूट्यूब के माध्यम से देश के 542 ज़िलों को जोड़ कर किया गया कजिसमें मुख्य अतिथि रविशंकर जी ,आर सुन्दरम जी, अश्विनी महाजन जी, कश्मीरी लाल जी एवं अन्य वक्ताओं का उद्बोधन हुआ।

विधानसभा क्षेत्र में

भाजपा प्रत्याशी को लोगों का मिल रहा है व्यापक जनसमर्थन: सुरेश साव



मेट्रो रेज

चक्रधरपुर: भारतीय जनता पार्टी के वरीय नेता एवं मोदी कार्यालय के संचालक सुरेश कुमार साव ने कहा है कि झारखण्ड विधानसभा 2024 के प्रथम चरण 13 नवम्बर को चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र-56 में चुनाव होने जा रहा है इस विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी शशिभूषण सामड के लोगों की व्यापक रूप से रूझान देखी जा रही है जो निश्चित तौर पर भाजपा के लिए सुखद संदेश और स्थिति है। भाजपा प्रत्याशी शशिभूषण सामड हमेशा संगठन और कार्यकताओं को एकजुटता में पिरोकर भाजपा को काफी मजबुत बनाया है और इसी का यह सार्थक परिणाम है कि चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की स्थिति काफी मजबूत और सुदृढ़ है। श्री साव ने कहा कि चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र में श्री सामड काफी लोकप्रिय राजनीतिक के रूप में पहचाने जाते हैं और उनका आमजनों से बेहतर जुड़ाव और लगाव भी उनकी लोकप्रियता का मजबुत आधार है। श्री सामड के पक्ष में निरंतर जनसभा भी उनकी स्थिति को काफी मजबूत बनायी है। केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान आसाम के मुख्यमंत्री सह झारखण्ड भाजपा के सह प्रभारी हेमन्त विश्वा शर्मा तथा पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन भी श्री सामड के पक्ष में जनसभा किया और उनकी स्थिति को और भी मजबूत बनाया है। श्री साव ने 13 नवम्बर को होने वाले विधानसभा चुनाव में चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र के लोगों से आग्रह किया है कि इस बार झारखण्ड में भाजपा की सरकार बनाने के लिए चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र से लोकप्रिय, कर्मठ और जुझारू तथा जनसेवा के लिए समर्पित प्रत्याशी को विजयी बनायें।

पूण्य तिथि पर विशेष

हम आपको कभी न भूल पायेंगे

जन सेवा, लोगों के हित और उनके साथ हमेशा रहने वाले कमलदेव गिरी के द्वितीय पुण्य तिथि के अवसर पर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित साह द्वारा जमशेदपुर में कमलदेव गिरी की हत्या का जाँच सीबीआई से कराये जाने की बात कह कर कमलदेव गिरी के परिजन और उनके मित्र, शुभचिन्तक और समर्थकों को काफी राहत दिलाया है और दो वर्ष से सीबाआई जांच की मांग को अब पूर्ण होता भी दिखाई दे रहा है। जमशेदपुर में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित साह ने कहा कि कमलदेव की हत्या होने की जानकारी उन्हें पूर्व मुख्यमंत्री बाबुलाल मराण्डी एवं रघुवर दास से हुई थी इसके अलावे अन्य वरीय लोगों ने भी इस हत्याकांड की उन्हें जानकारी दी थी और सीबीआई जांच को जरूरी भी बताया था। झारखण्ड में भाजपा की सरकार बनती है तो पहली कैबिनेट की बैठक में ही सीबीआई जांच की स्वीकृति दिलायी जायेगी। वहीं चक्रधरपुर रेलवे हाई स्कूल मैदान में आसाम के मुख्यमंत्री हेमन्त विश्वा शर्मा से गिरीराज सेना के प्रमुख उमा शंकर गिरी उनसे मिले और गिरीराज सेना के संस्थापक और उनके अनुज कमलदेव गिरी की हत्या के संदर्भ में व्यापक रूप से जानकारी भी दिया जिसके फलस्वरूप श्री शर्मा ने कहा कि 12 नवम्बर को कमलदेव गिरी को उनके पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि दें और 13 नवम्बर को जाकर मतदान करें और भाजपा के प्रत्याशी को जीत दिलाकर विधानसभा भेजें। यह कार्य अवश्य करें और कमलदेव गिरी को सच्ची श्रद्धांजलि दें।

सामाजिक संस्था विप्र अपने दायित्वों का ईमानदारी से निरंतर निर्वहन करता आ रहा है

चाईबासा: अपने सामाजिक दायित्वों का भली भांति निर्वहन करने वाला सामाजिक संस्था विप्र अपने दायित्वों का निर्वहन बेहतर ढंग से करने के साथ-साथ लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत भी है। हमेशा सामाजिक दायित्वों का निर्वहन और सहभागिता निभाकर यह सामाजिक संस्था अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहा है। पश्चिम सिंहभूम जिला में अपने कार्यों के फलस्वरूप काफी लोकप्रिय सामाजिक संस्था के रूप में भी पहचाना जाता है। छठ महापर्व के समय भी इस सामाजिक संस्था में कुजू नदी छठ घाट पर शिविर लगाकर सभी छठव्रती श्रद्धालु एवं लोगों की सुविधा हेतु व्यवस्था की गयी और लोग इस सामाजिक संस्था विप्र के कार्यों को काफी सराहा और उत्कृष्ठ भी बताया। इस प्रकार से निरंतर सामाजिक सहभागिता और जनसेवा में जुड़े रहने वाला विप्र सामाजिक संस्था अपने आप में अपने कार्यों से जिला में गौरव का विषय है इस

प्रकाश पूर्व के उपलक्ष्य में निकाली गयी प्रभात फेरी

बोकारो : गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा, चास द्वारा गुरु नानक देव जी के प्रकाश पूर्व के उपलक्ष्य में प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी गुरुद्वारा से निकलकर जोद्धाडिह मोड से यू टर्न लेकर वापस गुरुद्वारा पहुंची। गुरुद्वारे में प्रभात फेरी का भव्य स्वागत किया गया उपरांत गुरदासपुर पंजाब से आये कीर्तनी जत्थे ने शबद कीर्तन का गायन किया। शबद कीर्तन अरदास करने के उपरांत गुरु का लंगर बरताया गया। प्रभात फेरी का आयोजन जसबीर सिंह सलूजा एवं हरबंश सिंह सलूजा के परिवार की ओर से किया गया था। गुरुद्वारा चास के धर्म प्रचार कमेटी के चेयरमैन हरबंश सिंह सलूजा ने बताया कि प्रभात फेरी का इतिहास काफी पुराना है। सिख संगत गुरुपूरब से 10 से 15 दिन पहले से प्रभात फेरियां निकालना शुरू कर देती हैं, तड़के-तड़के गुरुद्वारे से निशान साहिब लेकर सैकड़ों की संख्या में सिख समुदाय के लोग गलियों मोहल्लों में निकलते हैं। जिन-जिन घरों के सामने से प्रभात फेरी गुजरती है वो श्रद्धालु अपने घर के पास अरदास करवाते हैं और प्रसाद एवं चाय वितरण करते हैं। प्रभात फेरी का मकसद अमृत वेले गुरबाणी, शबद कीर्तन, नाम सिमरन करते हुए अकाल पुरख को याद करने का होता है, ताकि आने वाला जीवन अच्छा बीते। श्री सलूजा ने बताया प्रभात फेरी 13 नवंबर तक निकाली जाएगी। 15 नवंबर को गुरु नानक जयंती बहुत ही धूमधाम से मनाई जाएगी। गुरु नानक जयंती के उपलक्ष्य में 14, 15 एवं 16 नवंबर को विशेष कीर्तन दरबार लगाया जाएगा, जिसमें बाहर से पहुंच रहे रागी जत्थों द्वारा कीर्तन गायन किया जाएगा।

डॉ. कीर्ति सिंह मुंडा के समर्थन में बृंदा करात ने की आमसभा

मांडर: मांडर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में सीपीआई(एम) की प्रत्याशी डॉ. कीर्ति सिंह मुंडा के समर्थन में सोसई आश्रम, मांडर में एक आमसभा का आयोजन किया गया। सभा में मुख्य वक्ता के रूप में पार्टी की पोलित ब्यूरो सदस्य बृंदा करात ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। अपने संबोधन में बृंदा करात ने मांडर की धरती को वीर बुधु भगत की ऐतिहासिक भूमि बताते हुए कहा कि इस भूमि पर भूमाफिया और कॉरपोरेट घरानों की नजरें गड़ी हुई हैं। उन्होंने कहा कि सीपीआई(एम) नेता सुभाष मुंडा ने इस भूमि को सुरक्षित रखने के लिए संघर्ष किया, जिसके कारण वे इन लुटेरों की आँखों में खटकने लगे थे। बृंदा करात ने आरोप लगाया कि इसी कारण सुभाष मुंडा की हत्या की गई, ताकि उनके संघर्ष और लाल झंडे का अंत हो सके।

विधानसभा चुनाव की तैयारी पूरी, 13 नवंबर को मतदान

मांडर/चान्हो: मांडर और चान्हो प्रखंडों में 13 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। मतदान सुचारू और सुरक्षित रूप से संपन्न कराने के लिए मतदान केंद्रों का चयन और वोटरों के लिए व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

मांडर प्रखंड की तैयारी: मांडर प्रखंड में कुल 1,03,164 मतदाता हैं, जिनमें 52,304 महिलाएं और 50,860 पुरुष शामिल हैं। इन मतदाताओं के लिए 112 बूथ बनाए गए हैं, ताकि सभी मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग बिना किसी परेशानी के कर सकें।

चान्हो प्रखंड में मतदाता और बूथ की व्यवस्था: चान्हो प्रखंड में 97 बूथ तैयार किए गए हैं, जिनमें कुल 86,843 मतदाता पंजीकृत हैं। इसमें 42,362 पुरुष, 44,480 महिलाएं और एक थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं, जो अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

चुनाव आयोग और प्रशासन ने मतदाताओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए विशेष प्रबंध किए हैं। दोनों प्रखंडों में मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष रूप से संपन्न करने के उद्देश्य से अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है।

मुख्यमंत्री ने मईया सम्मान योजना के माध्यम से महिलाओं को दिया हक, अधिकार व सम्मान : योगेंद्र महतो

गोमिया प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में योगेंद्र महतो ने किया तूफानी दौरा व नुक्कड़ सभा

गोमिया : गोमिया विधानसभा क्षेत्र से इंडिया एयलाइंस समर्थित झामुमो प्रत्याशी योगेंद्र प्रसाद महतो लगातार वोटरों के बीच जनसंपर्क कर रहे हैं। इस क्रम में उन्हें भारी जन समर्थन भी मिल रहा है। जगह-जगह उनके तूफानी दौरा व नुक्कड़ सभा में भारी संख्या में समर्थकों की भीड़ उमड रही है। एक लंबे समय से उनके द्वारा की गई जनसेवा व क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं को तत्परता के साथ समाधान करने के कार्यों के कारण जनता के बीच उनकी लोकप्रियता को देखते हुए ऐसा माना जा रहा है कि इस बार योगेंद्र प्रसाद महतो भारी मतों से ऐतिहासिक जीत हासिल करेंगे। इधर गोमिया प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रो में तूफानी जनसंपर्क व नुक्कड़ सभा किया गया। इस क्रम में खम्हरा पंचायत के करमाटांड़,उरांव टोला, अंबेदकर चौक, ससबेड़ा पूर्वी पंचायत अंतर्गत काली मंदिर, मून लाइट चौक, हजारी पंचायत के खुदगडा, नायक टोला,पटवा टोला, हजारी मोड, सुइयाडीह व गोमिया पंचायत के चौधरी टोला में ग्रामीणों के बीच जनसंपर्क व जगह-जगह नुक्कड़ सभा किया। योगेंद्र प्रसाद महतो ने मतदाताओं से आगामी 20 नवंबर को तीर धनुष छाप पर वोट देने की अपील की। कहा कि पिछले 19 वर्षों से निरंतर 24 घंटे में 18 घंटे आपकी सेवा में तत्पर हूं। भाई, बेटे की तरह सभी के सुख दुख में भागीदारी निभाते आ रहा हूं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने महिलाओं को मइया सम्मान योजना के माध्यम से हक, अधिकार और सम्मान दिया है। दिसंबर से इस योजना के तहत 2500 रुपए दिए जाएंगे। सर्वजन पेंशन योजना, 200 यूनिट बिजली फ्री, बकाया बिजली बिल माफ करने जैसे कार्य कर आप सभी को बड़ी राहत प्रदान करने का काम किया है। 20 नवंबर को अपना मतदान सिर्फ तीर धनुष छाप पर देकर गोमिया और राज्य के विकास के मार्ग को प्रशस्त करें। षड्यंत्रकारी भाजपा और आजसू को गोमिया और राज्य से बाहर का रास्ता दिखाएं। इस दौरान सभी जगहों पर महिला दीदियों और समर्थकों द्वारा प्रत्याशी योगेंद्र प्रसाद महतो का पारंपरिक और आत्मीय स्वागत किया गया।